हरिभूमि
# जींद-कैथल भूमि
रोहतक, मंगलवार, 20 मई 2025

तापमान
अधिकतम 41.0 डिग्री
न्यूनतम 27.0 डिग्री

11 प्रदेश का हर वर्ग तिरंगा यात्रा में हो रहा शामिल



11 कर्तव्य को निष्ठा के साथ निभाने का आश्वासन...




## खबर संक्षेप

### अज्ञात वाहन की टक्कर से व्यक्ति की मौत

**जींद।** गांव पौली में शाम को खाना खाकर टहलने निकले व्यक्ति की अज्ञात वाहन की चपेट मे आने से मौत हो गई। जुलाना थाना पुलिस ने मृतक के बेटे की शिकायत पर फरार अज्ञात वाहन चालक के खिलाफ मामला दर्ज किया है। गांव पौली निवासी रघुबीर बीती देर शाम खाना खाकर घर से सड़क पर टहलने गया था।

### योग दिवस की तैयारियों को लेकर बैठक कल

**कैथल।** जिला आयुर्वेदिक अधिकारी डा. शकुंतला दहिया ने बताया कि महानिदेशक आयुष हरियाणा एवं जिला प्रशासन कैथल के तत्वाधान में 11वें योग दिवस की तैयारियां शुरू हो चुकी है। इसको लेकर 21 मई को जिले में योग क्षेत्र में कार्यरत संस्थाओं-पतंजलि योग समिति, भारतीय योग संस्थान, सेवा भारती,आर्ट ऑफ लिंविंग एवं महर्षि वाल्मिकी संस्कृत विवि के प्रतिनिधियों की बैठक योग दिवस प्रोटोकॉल प्रशिक्षण के जिला नागरिक हस्पताल में ली जाएगी।

### धर्म कांटा पर कार सवारों ने की हवाई फायरिंग

**जींद।** गांव राजपुरा भैण के निकट धर्म कांटे पर कार सवार युवकों ने गाली गलौच व हवाई फायरिंग कर दी। गोली चलने से हडकंप मच गया। पुलिस ने शिकायत के आधार पर चार लोगों के खिलाफ शस्त्र अधिनियम, दहशत फैलाने समेत विभिन्न भारतीय न्याय संहिता के तहत मामला दर्ज किया है।

### जागरूकता कार्यक्रम का किया आयोजन

**गुहला-चीका।** खंड गुहला में प्रधानमंत्री आवास योजना-ग्रामीण के तहत जागरूकता कार्यक्रम किया गया। इसमें पंचायत समीति चेयरपर्सन सुखविन्द्र कौर ने बतौर मुख्य अतिथि शिरकत की। कार्यक्रम में पहुंचे जिला समन्वयक जसविंदर गिल ने प्रधानमंत्री आवास योजना ग्रामीण के बारे में विस्तार से जानकारी दी।

### 710 ग्राम गांजा के साथ महिला गिरफ्तार

**जींद।** सीआईए स्टाफ नरवाना ने सड़क पर एक महिला को काबू कर उसके कब्जे से 710 ग्राम गांजा बरामद किया है। शहर थाना नरवाना पुलिस पकड़ी गई महिला से पूछताछ कर रही है। सीआईए स्टाफ नरवाना को सूचना मिली थी कि नरवाना की चमेला कालोनी से ठंडी सडक पर एक महिला नशीले पदार्थ के साथ खड़ी हुई है। जो नशा बेचने के लिए ग्राहकों का इंतजार कर रही है।

### मारपीट के मामलों में दंपती सहित तीन घायल

**कैथल।** गांव बलबेहडा में हुई मारपीट में पति-पत्नी घायल हो गए। पिंकी रानी ने चीका पुलिस को शिकायत में आरोप लगाया है कि 15 मई को गांव के ही शीशपाल, रामनिवास, मीनू, कमला देवी, बिंदर कौर, विक्रम, रामरति, अमन, सुभाष तथा सीमा देवी ने लाठी, गंडासी तथा डंडे से हमला करते हुए उसे तथा उसके पति बलजीत को घायल कर दिया।

### बिजली बिल सरचार्ज माफी राहत की सौगात : मैहला

**पूंडरी।** भारतीय जनता पार्टी किसान मोर्चा के मंडल अध्यक्ष डॉ. बलविंद्र मैहला ने प्रदेश सरकार द्वारा बिजली बिलों पर सरचार्ज माफी को एक जनहितैषी और ऐतिहासिक निर्णय करार दिया है। उन्होंने कहा कि इस योजना का लाभ विशेष रूप से उन किसानों और उपभोक्ताओं को मिलेगा।

### सरकारी स्कूलों में चलाया संपूर्ण स्वच्छता अभियान

**कैथल।** जिला परिषद चेयरमैन कर्मबीर कौल, उप-प्रधान सोनिया व वार्ड नंबर एक के पार्षद संजीव भाणा के द्वारा ग्राम पंचायत भाना, करोडा व बाकल के सरकारी स्कूल संपूर्ण स्वच्छता अभियान चलाया गया। स्कीम इंचार्ज प्रदीप ने घर-घर से कचरा इकट्ठा करने, प्लास्टिक से होने वाले नुकसान के बारे में बताया गया।

# जेलों में पैरोल को लेकर आटो जनरेटिड सिस्टम बनाने की जरूरत : ललित बत्रा

## हरियाणा मानव अधिकार आयोग के चेयरपर्सन ललित बत्रा व कुलदीप जैन-दीप भाटिया ने किया जेल का निरीक्षण

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कैथल

हरियाणा मानव अधिकार आयोग के चेयरपर्सन जस्टिस ललित बत्रा ने कहा कि सभी कैदियों को समय पर पैरोल मिले इसके लिए प्रदेश की सभी जेलों में ऑटो जनरेटेड सिस्टम बनाने की जरूरत है। इसको लेकर वे जेल महानिदेशक से बातचीत करेंगे ताकि कोई ऐसा सॉफ्टवेयर विकसित किया जा सके, जिससे प्रत्येक कैदी को बिना देरी के पैरोल मिल सके।

संबंधित कैदी को अप्लाई करने की जरूरत न पड़े, बल्कि जेल प्रबंधन अपने आप संबंधित को जानकारी दे कि अब उसकी पैरोल का समय आ गया है। पैरोल प्रत्येक कैदी का मानव अधिकार है, कोई भी कैदी या बंदी इससे वंचित न रहे। हरियाणा मानव अधिकार आयोग के चेयरपर्सन ललित बत्रा सोमवार को जिला जेल के निरीक्षण के उपरांत पत्रकारों से बातचीत कर रहे थे। उनके साथ आयोग के सदस्य श्री कुलदीप जैन, सदस्य श्री दीप भाटिया, डॉक्टर पुनीत अरोड़ा प्रोटोकॉल , सूचना एवं जनसंपर्क अधिकारी हरियाणा मानव आयोग व रजिस्ट्रार मौजूद रहे। उन्होंने जिला जेल में मुलाकात कक्ष से लेकर सभी बैरक, अस्पताल, कैंटीन, वर्कशॉप, लॉन्ड्री, खाद्यान भंडारण तथा वीसी रूम आदि का बारीकी से निरीक्षण किया। उन्होंने कैदियों से भी बातचीत की और उनकी समस्याएं जानी। जेल की व्यवस्थाओं को लेकर उन्होंने संतुष्टि जाहिर की और कुछ दिशा निर्देश भी दिए। उन्होंने जेल अधीक्षक अशोक कुमार को निर्देश दिए कि सभी बंदियों व कैदियों की समय पर समय पर काउंसलिंग करवाई जाए। उन्होंने खाद्यान भंडारण को लेकर जमीन पर रैक व रसोई में झाली लगाने के निर्देश दिए। इसके साथ ही उन्होंने कैदियों द्वारा बनाए गए प्रोडक्ट को बेचने के लिए मार्किट तलाशने को लेकर जेल अधीक्षक को कहा। चेयरपर्सन जस्टिस ललित बत्रा ने कैदियों व बंदियों से जेल में मिल रही सुविधाओं को बारे में भी जानकारी हासिल की और पैरोल, फरलो आदि के बारे में भी जानकारी प्रदान की। उन्होंने कहा कि पैरोल सभी का अधिकार है और नियमानुसार सभी को इसका लाभ मिलना चाहिए। सजायाफ्ता कब से जेल में है, कब उसकी एंटाइटलमेंट पैरोल के लिए बनी। यह सब कुछ कंप्यूटराइज्ड होना चाहिए।



### भीख मांगने वालों को मुख्यधारा में जोड़ने की दिशा में करें काम

इससे पहले हरियाणा मानव अधिकार आयोग के चेयरपर्सन ललित बत्रा, सदस्य कुलदीप जैन, सदस्य दीप भाटिया ने पीडब्ल्यूडी विभाग के विश्राम गृह में डीसी प्रीति व एसपी आस्था मोदी से शहर की कानून व्यवस्था और आयोग की योजनाओं के बारे में बातचीत की। उन्होंने डीसी व एसपी से कहा कि भीख वृत्ति पर रोक लगाने को लेकर जिला प्रशासन आवश्यक कदम उठाएं और उनका डाटाबेस तैयार करें। इसके साथ ही भीख मांगने के पीछे के कारणों का पता लगाएं और उनके अंदर कौशल विकसित करते हुए उन्हें मुख्यधारा में जोड़ने की दिशा में काम करें। इस विषय को लेकर एनजीओ व सामाजिक संस्थाओं के साथ भी तालमेल करें।



जींद। जाम लगाए कालोनीवासी व पुलिस समझाते हुए। फोटो :हरिभूमि

# पेयजल समस्या को लेकर लगाया जाम

## नारेबाजी कर जताया विरोध

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जींद

गांव लोन में वाल्मीकि मोहल्ला के लोगों ने पेयजल समस्या को लेकर नरवाना -टोहाना मार्ग पर जाम लगा दिया। लोगों का कहना था कि पिछले एक पखवाडे से बस्ती पीने के पानी की जबरदस्त किल्लत बनी हुई है। जाम लगने की सूचना पाकर धमतान साहिब चौकी प्रभारी मौके पर पहुंच गए और जनस्वास्थ्य विभाग के एसडीओ से बातचीत करवा जाम को खुलवाया। गांव लोन के वाल्मीकि मोहल्ले की महिलाओ का सोमवार को उस समय गुस्सा फूट पड़ा जब उनके इलाके मे पेयजल स्पलाई नही पहुची।

गुस्साई महिलाई नरवाना-टोहाना मार्ग पर आ गई और अवरोधक डाल कर जाम लगा दिया। महिलाओ का कहना था कि पिछले 15 दिनों ने उनके इलाके पेयजल की किल्लत बनी हुई। भीष्ण गर्मी मे पेयजल न मिलने के कारण उन्हे भारी परेशानी का सामना करना पड़ रहा। अधिकारियों को समस्या के बारे में अवगत करवा दिया था। बावजूद इसके उनकी पेयजल स्पलाई बहाल नही हुई। जाम लगाने के सूचना पाकर धमतान साहिब चौकी प्रभारी संजीव मौके पर पहुच गए। उन्होंने समस्या सुनने के बाद जनस्वास्थ्य विभाग के एसडीओ से बात करवाई। जनस्वास्थ्य विभाग के एसडीओ द्वारा पेयजल समस्या का जल्द समाधान करने का आश्वासन दिया गया। जिसके बाद महिलाए जाम खोलने को राजी हुई।



## रणबीर गंगवा ने ठेकेदार के खिलाफ भी विभागीय कार्रवाई के दिए निर्देश

# सीवरेज लाइन कार्य में अनियमितताओं पर मंत्री ने एसडीओ-जेई को किया चार्जशीट

## विधायक सतपाल जांबा ने मंत्री रणबीर गंगवा से की थी शिकायत

महाग्राम योजना के तहत गांव फतेहपुर में दिसंबर 2024 से सीवरेज लाइन बिछाने का कार्य चल रहा अनुमानित लागत लगभग 14 करोड़ रुपये है।

हरिभूमि न्यूज ▶▶| पूंडरी

हरियाणा सरकार के लोक स्वास्थ्य अभियंत्रिकी मंत्री रणबीर गंगवा ने पूंडरी खंड के गांव फतेहपुर में महाग्राम योजना के अंतर्गत बिछाई जा रही सीवरेज लाइन का औचक निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान परियोजना में गंभीर अनियमितताएं और लापरवाही सामने आने पर मंत्री गंगवा ने सख्त रुख अपनाते मौके पर ही एसडीओ जगदीश चंद और जेई विजय को चार्जशीट करने के आदेश दिए। साथ ही ठेकेदार के विरुद्ध विभागीय कार्रवाई करने के निर्देश भी जारी किए। निरीक्षण के दौरान हलका विधायक सतपाल जांबा विशेष रूप से उपस्थित रहे। उन्होंने स्वयं मौके पर मौजूद रहकर अधिकारियों और ठेकेदार द्वारा की जा रही अनियमितताओं की ओर मंत्री का ध्यान आकर्षित किया। विधायक जांबा को पूर्व में भी ग्रामीणों द्वारा सीवरेज कार्य में घटिया सामग्री और कार्यशैली को लेकर लगातार शिकायतें मिल रही थीं।गौरतलब है कि महाग्राम योजना के तहत गांव फतेहपुर में दिसंबर 2024 से सीवरेज लाइन बिछाने का कार्य चल रहा है, जिसकी अनुमानित लागत लगभग 14 करोड़ रुपये है। यह कार्य ठेकेदार जसबीर सिंह की कंपनी को सौंपा गया है। निरीक्षण में पाया गया कि टेंडर की शर्तों के अनुरूप कार्य नहीं किया जा रहा था। सीवरेज पाइपलाइन में निम्न गुणवत्ता की सामग्री का उपयोग किया जा रहा था तथा लाइन को ठीक तरीके से दबाया नहीं गया था। इसके अतिरिक्त, बनाए गए सीवरेज हॉल भी तकनीकी मानकों पर खरे नहीं उतर रहे थे। कई स्थानों पर सीवरेज लाइन को सीमेंट और बजरी से बंद पाया गया।

मंत्री गंगवा ने कहा कि विधायक जांबा द्वारा जब उन्हें इस परियोजना में हो रही अनियमितताओं की जानकारी दी गई, तो उन्होंने स्वयं स्थल का निरीक्षण करने का निर्णय लिया। उन्होंने स्पष्ट किया कि किसी भी विकास कार्य में लापरवाही अथवा भ्रष्टाचार को बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। दोषी अधिकारियों और ठेकेदारों के खिलाफ सख्त कार्रवाई सुनिश्चित की जाएगी।विधायक सतपाल जांबा ने भी इस अवसर पर कहा कि वे अपने विधानसभा क्षेत्र में पूरी पारदर्शिता और उच्च गुणवत्ता के साथ विकास कार्य करवाने के पक्षधर हैं। उन्होंने चेतावनी दी कि यदि कोई अधिकारी या ठेकेदार भ्रष्टाचार में लिप्त पाया गया, तो उसे किसी भी सूरत में बख्शा नहीं जाएगा। उन्होंने कहा कि सरकार जनता को मूलभूत सुविधाएं उपलब्ध करवाने के लिए प्रतिबद्ध है।



गांव फतेहपुर में कैबिनेट मंत्री रणबीर गंगवा सीवरेज लाइन का निरीक्षण करते हुए।

### ये रहे मौजूद

इस मौके पर प्रदेश कार्यकारिणी सदस्य सुभाष हजवाना, सरपंच सोहनलाल वर्मा, ब्लॉक समिति चेयरमैन हिशम सिंह, देवेंद्र पांचाल, हाबड़ी सरपंच प्रतिनिधि गुरिंदर सिंह, अमित सैनी, निधि मोहन, कृष्ण पिलनी, मंत्री के निजी सचिव डॉ. बलविंदर मैहला और अरुण गुलाटी सहित अनेक गणमान्य लोग उपस्थित रहे।

### हम अपने हिस्से का पानी मांग रहेः गंगवा

**पूंडरी।** हरियाणा सरकार में कैबिनेट मंत्री रणबीर गंगवा ने पंजाब सरकार पर गंभीर आरोप लगाते कहा है कि हरियाणा अपने हिस्से का पानी मांग रहा है, किसी और का नहीं। उन्होंने स्पष्ट शब्दों में कहा हम पंजाब का पानी नहीं मांग रहे, बल्कि जो हमारा हक है, उसी की मांग कर रहे हैं। पंजाब सरकार जानबूझकर 4000 क्यूसिक पानी को गलत तरीके से रोक रही है, जो दुर्भाग्यपूर्ण और अनुचित है। गंगवा पूंडरी रेस्ट हाउस में मीडिया से बात कर रहे थे। इस मौके पर पूंडरी से विधायक सतपाल जांबा भी मौजूद रहे। गंगवा ने कहा कि सिरसा सहित रा'य के कई जिलों में नहरी पानी की भारी कमी का सामना करना पड़ रहा है, लेकिन इसके बावजूद जनस्वास्थ्य विभाग की बेहतर प्रबंधन व्यवस्था के चलते लोगों को पीने का पानी उपलब्ध कराया जा रहा है। पंजाब के मुख्यमंत्री द्वारा एक बूंद भी पानी नहीं देंगे जैसे बयानों की कड़ी आलोचना करते गंगवा ने कहा इस प्रकार की भाषा दुर्भाग्यपूर्ण और निंदनीय है।

# कार और बाइक की भिड़ंत में महिला सहित दो की जान गई

▪ पुलिस ने आरोपी कार चालक के खिलाफ मामला दर्ज कर किया

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कैथल

कैथल के गांव सांच-रसीना में कार और बाइक की टक्कर से महिला व पुरुष की मौत के मामले में पुलिस ने आरोपी कार ड्राइवर के खिलाफ मामला दर्ज कर लिया है। पुलिस ने मृतक महिला मीना के दामाद मनीष की शिकायत पर आरोपी के खिलाफ मामला दर्ज कर लिया है। आरोप है कि कार ड्राइवर ने कार को तेज गति व लापरवाही से चलाते मोटरसाइकिल को टक्कर मार दी, जिसमें दोनों की मौत हो गई। पुलिस मामले की जांच कर रही है। बता दें कि रविवार शाम को कार ड्राइवर ने बाइक पर जा रहे पुरुष व महिला को टक्कर मार दी थी। इस हादसे में दोनों की मौत हो गई और बाइक भी पूरी तरह से क्षतिग्रस्त हो गई। महिला व पुरुष मोटरसाइकिल पर गांव रसीना से सांच जा रहे थे। मृतक महिला 40 वर्षीय मीना देवी अपने नौकर 48 वर्षीय भाणा के साथ किसी काम से गांव सांच जा रही थी। जैसे ही वह मुख्य मार्ग पर पहुंचे तो एक कार ड्राइवर उन्हें टक्कर मार दी। टक्कर इतनी तेज थी कि बाइक बुरी तरह से क्षतिग्रस्त हो गई। कार के भी शीशे टूट गए। बाइक पर सवार महिला व पुरुष सड़क पर जा गिरे और उनकी मौत हो गई। घटना होते ही मौके पर राहगीरों की भीड़ जमा हो गई। तुरंत पुलिस और मृतकों के परिजनों को इस बारे में सूचना दी। घटना की सूचना मिलते ही पूंडरी पुलिस मौके पर पहुंची व दोनों को कैथल के नागरिक अस्पताल पहुंचाया। जहां डॉक्टरों ने भी दोनों को मृत करार दे दिया।

# यातायात व्यवस्था को दुरुस्त करने के लिए रोड मैप तैयार

▪ प्लान को अधिक कारगर बनाने के लिए आम जनता से मांगे सुझाव

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जींद

शहर जींद, नरवाना, सफीदों, उचाना व जुलाना में यातायात व्यवस्था को दुरूस्त करने के लिए अलग-अलग 14 जोन बनाए गए हैं। जिनमें एक-एक जोनल अधिकारी सहित 98 पुलिस कर्मचारी लगाए गए हैं। जींद जिले के शहरी इलाकों में दिन-प्रतिदिन बढ़ते यातायात दबाव, बाजारों में भीड़भाड़, त्योहारी सीजन एवं अन्य सार्वजनिक आयोजनों के दृष्टिगत यातायात व्यवस्था को सुव्यवस्थित बनाए रखने के उद्देश्य से शहर जींद, नरवाना, सफीदों, उचाना व जुलाना को 14 यातायात जोनों में विभाजित किया गया है। जोन की सभी टीमों अपना कार्य सुचारू रूप से शुरू कर दिया है। आमजन की राय लेकर यदि इसमें कोई बदलाव की आवश्यकता होगी तो इसमें बदलाव किया जाएगा।

सभी जोनों में यातायात संचालन, व्यवस्था बनाए रखना, जाम की स्थिति में त्वरित समाधान तथा सड़क सुरक्षा नियमों का पालन सुनिश्चित कराना यातायात पुलिस का दायित्व रहेगा। जोनल अधिकारी एसएचओ पुलिस स्टेशन ट्रैफिक जींद के अधीन कार्य करेंगे। सभी ई-चालान मशीन, मोबाइल वीओसी कैमरा एप व एल्को सेंसर की सहायता से लेन चेंज, तेज गति से वाहन चलाना, ट्रिप्पल राइडिंग, बुलेट क्रैकर, ब्लैक फिल्मए बिना नंबर प्लेट, गलत पार्किंग व नशे में वाहन चलाने आदि जैसे विभिन्न बिंदुओं पर चालान करेंगे। यातायात जोनों का विवरण जींद में 1. पटियाला चौक से रूपया चौक, 2. रुपया चौक से रानी तालाब, 3. रानी तालाब से पुराना बस अड्डा, पुराना बस अड्डा से गोहाना बाईपास जींद। सफीदों में 1. नहर पुल सफीदों से पुराना बस अड्डा सफीदों, 2. पुराना बस अड्डा सफीदों से खानसर चौक सफीदों। नरवाना में 1. रेलवे स्टेशन नरवाना से भगत सिंह चौक नरवाना, 2. भगत सिंह चौक नरवाना से विश्वकर्मा चौक नरवाना, 3. भगत सिंह चौक नरवाना से पुराना बस अड्डा नरवाना, 4. हरियल चौक नरवाना से टोहाना मोड नरवाना। उचाना में 1. पुलिस स्टेशन उचाना से नया बस अड्डा उचाना, 2. पुराना बस अड्डा उचाना से अनाज मंडी उचाना।

### ये रहेंगे निर्देश

सभी नागरिक वाहन निर्धारित लेन में चलाएं। अवैध पार्किंग न करें, निर्धारित पार्किंग का ही उपयोग करें। तेज गति से वाहन न चलाना, ट्रिप्पल राइडिंग, बुलेट क्रैकर, ब्लैक फिल्म, बिना नंबर प्लेट व नशे में वाहन न चलाएं। यातायात संकेतों, लाइट्स व पुलिस कर्मियों के निर्देशों का पालन करें। यातायात थाना प्रभारी के नंबर 8814011521 पर यातायात संबंधित सूचना दे सकते हैं व पुलिस द्वारा तैयार किए गए जोन के बारे में अपने सुझाव भी उपरोक्त नंबर पर दे सकते हैं ताकि जनता की राय अनुसार इसमें सुधार किया जा सके। एसपी कुलदीप सिंह ने कहा कि यातायात नियमों का पालन कर शहर की यातायात व्यवस्था को सुचारू बनाए रखने में प्रशासन का सहयोग करें।

तैयारी | जींद-सोनीपत नए ग्रीनफील्ड हाईवे पर हुआ शिफ्ट

# लुदाना के पास स्थित टोल प्लाजा को बंद किया

▪ नया हाइवे शुरू होने के बाद पुराने हाइवे से वाहन गुजर रहे थे कम

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जींद

गोहाना रोड पर लुदाना के पास स्थित टोल प्लाजा को बंद किया गया है। इस हाईवे से वाहन चालक अब बिना टोल दिए ही गुजर सकेंगे। इस समय गोहाना रोड के समानांतर जींद-सोनीपत ग्रीनफील्ड हाईवे निकला है, जो दो तीन माह पहले ही शुरू हुआ है। ग्रीनफील्ड पर भी चाबरी-भिड़ताना के एरिया में टोल प्लाजा बनाया गया है। दोनों हाईवे एक ही अथॉरिटी का पार्ट हैं तथा नया ग्रीनफील्ड हाईवे शुरू होने के बाद पुराने हाईवे पर वाहनों की सख्या बहुत कम रह गई है। इस कारण पुराने हाईवे पर लगे टोल को नए ग्रीनफील्ड पर शिफ्ट कर दिया गया है। अब वाहन चालक जींद.सोनीपत ग्रीनफील्ड से टोल देकर और जींद.गोहाना पुराने हाईवे पर बिना टोल दिए यात्रा कर सकते हैं। गौरतलब है कि साल 2019 में जींद-गोहाना रोड को सात मीटर से बढ़ाकर 10 मीटर चौड़ा कर दिया गया था। नेशनल हाईवे अथारिटी के अधीन इस हाईवे पर लुदाना के पास तीन लेन का टोल प्लाजा लगाया गया था। इस पर कार, जीप, लाइट व्हीकल का टोल करीब 60 रुपये एक साइड और 100 रुपये दोनों साइड का था। जींद से होकर सोनीपत, दिल्ली की तरफ जाने वाले वाहन चालक इस हाईवे से गुजरते समय टोल देकर जाते थे। इसके बाद 2020 में जींद से सोनीपत के बीच ग्रीनफील्ड नेशनल हाईवे का निर्माण कार्य शुरू हुआ। यह हाईवे किसी भी गांव से होकर नहीं गुजर रहा है। सभी गांवों के खेतों से होकर गुजरने के कारण इस हाईवे का नाम ग्रीनफील्ड हाईवे रखा गया है। नया हाईवे शुरू होने के बाद पुराने हाईवे से वाहन चालकों की संख्या बहुत ज्यादा कम रह गई है। इसके अलावा नेशनल हाईवे अथॉरिटी के नियमों के अनुसार दोनों जगह टोल नहीं रख सकते, इसलिए पुराने हाईवे से टोल बंद कर इसे नए ग्रीनफील्ड पर शिफ्ट कर दिया गया है। रोड सेफ्टी टीम के गैर सरकारी सदस्य सुनील वशिष्ठ ने बताया कि पुराने हाईवे के टोल को नए ग्रीनफील्ड हाईवे पर शिफ्ट कर दिया गया है। रोड सेफ्टी की मीटिंग में नेशनल हाईवे अथॉरिटी के अधिकारियों द्वारा इसे लेकर जानकारी डीसी मोहम्मद इमरान रजा को दे दी गई थी।



# हिंदू कन्या महाविद्यालय में दाखिले को लेकर ऑनलाइन प्रक्रिया प्रारंभ

▪ स्त्री शिक्षा के लिए प्रतिबद्ध हिंदू कन्या महाविद्यालय : डा. अंशुल

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जींद

हिंदू कन्या महाविद्यालय में सत्र 2025-26 के सभी स्नातक प्रोग्राम में प्रथम वर्ष में दाखिले के लिए ऑनलाइन आवेदन करने की प्रक्रिया 19 मई से प्रारंभ हो गई है। महाविद्यालय में बैचलर ऑफ आर्ट्स, बैचलर ऑफ साइंस (नॉन मेडिकल), बैचलर ऑफ कॉमर्स, बीसीए, बीए ऑनर्स विद मैथ्स इत्यादि प्रोग्राम उपलब्ध हैं। कला संकाय में अंग्रेजी, हिंदी, राजनीति शास्त्र, अर्थशास्त्र, भूगोल, गणित, लोक प्रशासन, समाजशास्त्र, कंप्यूटर साइंस जैसे आधुनिक विषयों के अतिरिक्त संगीत (गायन एवं वादन) तथा गृह विज्ञान जैसे विषय भी हैं जो पूरे जींद के किसी अन्य कॉलेज में नहीं हैं। इसके अतिरिक्त गणित में ऑनर्स भी विशेष रूप से केवल हिन्दू कॉलेज में ही उपलब्ध है। आधुनिक समय की मांग को देखते हुए बीसीए प्रोग्राम भी पिछले सत्र से प्रारंभ किया गया है एवं दूसरे वर्ष में सफलतापूर्वक कदम रख रहा है। कैरियर के परिप्रेक्ष्य में छात्राओं के लिए उनके अपने ही शहर जींद में इस प्रकार के कार्यक्रम उपलब्ध होने से उन्हें जींद से बाहर जाकर महंगी शिक्षा लेने की आवश्यकता नहीं पड़ेगी।

हरिभूमि
सहेली



हर कोई जीवन में सफलता चाहता है, नित्य सफलता की नई-नई ऊंचाइयां छूना चाहता है। इसके लिए सबसे जरूरी है आपका कॉन्फिडेंस लेवल स्ट्रॉन्ग हो। यह तभी संभव है, जब हम इसके लिए कॉन्शस रहेंगे, बड़े नहीं पहले छोटे-छोटे लक्ष्य निर्धारित करेंगे। इन्हें पूरा करने के लिए दृढ़ संकल्पित रहेंगे, खुद को तो मोटिवेट करेंगे ही, दूसरों को भी मोटिवेट करेंगे।

# सफलता की कुंजी सेल्फ-कॉन्फिडेंस

कवर स्टोरी

घनश्याम बादल

सही कहा गया है, 'इंसान तब नहीं हारता जब वह हार जाता है, वह तब हारता है, जब वह हार मान लेता है।' यदि इस बात को गहराई से समझा जाए तो स्पष्ट रूप से समझ में आ जाता है कि इंसान की हार तभी होती है, जब उसका कॉन्फिडेंस यानी आत्मविश्वास डगमगा जाता है। यह एक वास्तविकता है, इंसान की सक्सेस में उसके कॉन्फिडेंस का बहुत बड़ा रोल होता है। कॉन्फिडेंस की ताकत हमें लाइफ में कड़े से कड़े चैलेंज का सामना करने और सक्सेस की ओर बढ़ने में मदद करती है। कई बार ऐसी परिस्थितियां आ जाती हैं कि व्यक्ति अपना कॉन्फिडेंस खो बैठता है। आसान-सी परिस्थितियों को बहुत मुश्किल समझ कर खुद को 'स्ट्रेस' में डाल लेता है। इसीलिए इस बात का जानना बहुत जरूरी है कि हम अपना कॉन्फिडेंस कैसे बनाए रखें, इसे कैसे बढ़ाएं भी?



**जरूरी है मन में दृढ़ संकल्प:** कॉन्फिडेंस बढ़ाने के लिए सबसे पहले अपने सोचने का तरीका और आदतें बदलना बहुत जरूरी है। साथ ही साथ मन में एक दृढ़ संकल्प का होना भी जरूरी है कि हमें यह काम करना ही है, हर हाल में सक्सेस हासिल करनी ही है। साथ ही 'भले ही मैं हार जाऊं, लेकिन हार नहीं मानूंगी' का भाव भी हमारे भीतर बना रहना चाहिए।

**स्वयं को पहचानें और स्वीकारें:** आत्मविश्वास प्राप्त करने का पहला तरीका है कि खुद जैसी हैं, वैसा ही स्वीकार करें। इसी के साथ निरंतर अपनी क्षमताओं को निखारने का प्रयास करें। आत्मचिंतन करें और अपनी सोच को हमेशा सकारात्मक बनाए रखें।

**नेगेटिविटी से बचें:** नेगेटिविटी हमें नाकामयाबी की ओर ले जाती है। दूसरे की सक्सेस हमारे भीतर ईर्ष्या पैदा करती है, इसलिए नेगेटिव थिंकिंग से बचें और अपनी उपलब्धियों पर ध्यान दें। अपने बारे में पॉजिटिव बातें सोचें, ऐसे लोगों के साथ रहें, जो पॉजिटिव सोच रखते हैं, हमें इंस्पायर करते हैं।

**कुछ नया सीखें:** यदि आप चाहती हैं कि आपका कॉन्फिडेंस हमेशा बना रहे तो खुद को अपडेट रखें। नई-नई स्किल्स सीखें, अपने प्रोफेशन से जुड़ी बुक्स पढ़ें और अपना स्किल डेवलप करती रहें। किसी भी फील्ड में महारत हासिल करना आपके कॉन्फिडेंस को बढ़ाने में मदद करता है। कभी भी नए काम, नया लक्ष्य, नई तकनीक से डरे नहीं, इसे आगे बढ़कर अपनाएं। यह प्रवृत्ति आपको सफलता की राह पर आगे बढ़ाती रहेगी।

**असफलता से डरें नहीं:** जीवन में सफलता के साथ असफलताएं भी मिलती हैं। असफलताओं से कभी डरें नहीं, इन्हें सीखने का अवसर समझें, मतलब गलतियों से सीखें और अगली बार बेहतर से बेहतर करने का प्रयास करें। हर छोटी से छोटी सफलता को सेलिब्रेट करें, इससे आपका मनोबल बढ़ेगा।

**मोटिवेशनल बनें:** जीवन में मोटिवेशन यानी अभिप्रेरणा का बहुत बड़ा रोल होता है। अच्छे कामों के लिए स्वयं को तो मोटिवेट करें ही, साथ ही अपने साथियों को भी इसके लिए मोटिवेट करें। मोटिवेशनल बुक्स पढ़ें, वीडियो देखें और पॉडकास्ट सुनें। अपने रोल मॉडल की पर्सनालिटी से इंस्पायर हों।

**कभी दूसरों से तुलना न करें:** जीवन में कॉन्फिडेंस के डगमगाने की एक बड़ी वजह यह भी होती है, दूसरों के साथ अपनी तुलना। इस बात को समझें कि आपकी अपनी एक अलग पर्सनालिटी है, गुण-अवगुण हैं। इसलिए अपनी तुलना कभी दूसरों से न करें। अपनी प्रोग्रेस पर ध्यान दें, इसमें लगातार सुधार करती रहें। हर व्यक्ति की अपनी विशेषताएं होती हैं, आप भी अपनी विशेषताओं को पहचानकर उन्हें निखारें, अपने करियर को नई ऊंचाई दें।

### बॉडी लैंग्वेज भी है इंपॉर्टेंट

आपका कॉन्फिडेंस केवल आपके काम में ही नहीं, आपके हाव-भाव में भी दिखना



चाहिए। इसलिए किसी से मिलते, बात करते समय अपनी बॉडी लैंग्वेज का ध्यान रखें, सही मुद्राएं अपनाएं, सामने वाले से आंखों से आंखें मिलाकर बात करें, अच्छा हो चेहरे पर मुस्कान भी हो। सबसे बड़ी बात समस्याओं से भाग कर नहीं, उनका सामना करके, उनका हल निकालने की सकारात्मक सोच रखें। इससे आपकी सभी समस्याओं का हल अवश्य निकलेगा।

**स्वस्थ जीवनशैली अपनाएं:** मानसिक और शारीरिक स्वास्थ्य का प्रभाव हमारे आत्मविश्वास पर गहरे रूप से पड़ता है। इसलिए आत्मविश्वास के लिए जरूरी है कि हम मानसिक-शारीरिक रूप से स्वस्थ रहें। शारीरिक स्वास्थ्य के लिए नियमित व्यायाम करें, इससे मानसिक मजबूती भी बढ़ती है, साथ ही आत्मविश्वास भी बढ़ता है। सही खान-पान अपनाएं और पर्याप्त नींद लें। मानसिक स्वास्थ्य के लिए चित्त को शांत रखें। नित्य ध्यान-योग करें, इससे मानसिक शांति मिलेगी।

**बनाएं छोटे-छोटे लक्ष्य:** हमेशा आत्मविश्वास से भरी रहें, इसके लिए अच्छा यही है कि आप लंबे-लंबे लक्ष्य निर्धारित न करके छोटे-छोटे लक्ष्य बनाएं और इन्हें पूरा करने की आदत बनाएं। हर पूरा हुआ लक्ष्य आपका आत्मविश्वास बढ़ाएगा। छोटे-छोटे लक्ष्य के बाद धीरे-धीरे बड़े लक्ष्यों की ओर बढ़ें। आप जरूर सफल होंगी।

**खुद को दें चैलेंज:** कभी भी नए एक्सपीरियंस लेने से घबराएं नहीं। अपने डर का मुकाबला करें, इनसे सीखें। मनोवैज्ञानिक कहते हैं कि



जीवन में जितने डर होते हैं, उनमें से केवल एक या दो प्रतिशत ही सही निकलते हैं, इसलिए कभी डरिए नहीं। डर की वजह से खुद को सीमाओं में न बांधें, निरंतर नए अवसरों की तलाश में रहें। यह सोच आपको सफलता के शिखर पर पहुंचाएगी।

---

## जीत का जश्न मनाएं हार से उबरना सिखाएं

यह सच है कि जीवन में हार-जीत लगी रहती है। लेकिन कुछ पैरेंट्स अपने बच्चे से हमेशा जीतने, फर्स्ट आने की ही उम्मीद करते हैं, हारने पर उसे ताने देते हैं। इससे बच्चे का मनोबल टूटता है। बच्चे को जीत-हार का महत्व समझाने के लिए जरूरी है कि जिस तरह उसकी जीत का जश्न मनाया जाए, उसी तरह उसे हार से उबरना भी सिखाया जाए।

बच्चे और आप

नीलम अरोड़ा



अधिकतर पैरेंट्स, अपने बच्चे की सफलता पर जितनी सकारात्मक प्रतिक्रिया देते हैं, उसकी असफलता पर वे बहुत निराश हो जाते हैं। इसका बच्चों की मानसिकता पर बहुत गहरा असर पड़ता है। अगर आप जीतने पर बच्चों को जश्न मनाना, और अपनी खुशी दूसरों के साथ बांटना सिखाते हैं तो हार का सामना करना और उससे उबरना भी सिखाना होगा। आपको समझना होगा कि हम सभी प्रयास करने के बाद भी जीवन के किसी न किसी क्षेत्र में पीछे रह ही जाते हैं। ऑफिस में भी हम हर काम को अच्छे से परफॉर्म नहीं कर पाते। लेकिन इसका मतलब यह नहीं होता कि हम हिम्मत हारकर बैठ जाते हैं, जैसे हम जिंदगी की असफलताओं से दिन-रात जूझते हैं, ठीक उसी तरह हमें अपने बच्चों को भी फेल होता देखकर न तो स्वयं निराश होना चाहिए, न ही उन्हें निराश होने देना चाहिए। पैरेंट्स होने के नाते हमें बच्चों को बताना चाहिए कि हारना ही हम सबको जीतना सिखाती है। बच्चों को हार से उबारने और उनसे पार पाने के लिए हम आपको बता रहें हैं कुछ खास बातें, जिन्हें आपके लिए जानना जरूरी है।



**सभी बच्चे एक जैसे नहीं होते:** अगर आपका बच्चा किसी कठिन कार्य को जल्दी सीख नहीं पाता, तो इसके लिए उसे दोष नहीं देना चाहिए। क्योंकि हर बच्चे की प्रतिभा अलग-अलग होती है। हो सकता है आपका बच्चा खेल में अच्छा हो और पढ़ाई में औसत। इस बात को जब आप स्वयं स्वीकार करेंगे, तभी तो बच्चे को समझा पाएंगे। जहां उसकी प्रतिभा छुपी है, उसे उसी रास्ते पर आगे बढ़ने में मदद करें।

**हारने-जीतने पर दें सही प्रतिक्रिया:** कई पैरेंट्स जब अपने बच्चों के साथ घर में खेलते हैं तो उसकी खुशी के लिए, जानबूझकर हर बार हारते हैं। ऐसा करना गलत है, बच्चे को जीतने के साथ ही हार का सामना करना भी आना चाहिए। इसलिए जब आप बच्चे के साथ खेलें तो जानबूझकर उससे न हारें। अगर वो हार रहा है तो हारने के समय हौसला कैसे बनाए रखना है, इसकी प्रैक्टिस भी बतौर पैरेंट्स आपको जरूर करानी चाहिए। जिस तरह बच्चे के जीतने पर आप उसे खूब बधाई देती हैं, उसे सीने से लगा लेती हैं, क्या हारने पर उससे कुछ नहीं कहतीं? उसका हौसला बढ़ाने के लिए, उसे फिर से प्रयास करने के लिए प्रोत्साहित नहीं करती हैं? अगर आप इस तरह की प्रतिक्रिया देती हैं तो इसका बच्चे के मन पर सीधा असर होता है। इसलिए बच्चे के हारने या जीतने पर आपको कैसी प्रतिक्रिया देनी है, यह बात आपको जरूर समझनी चाहिए।

**बच्चे को सपोर्ट करें:** अगर बच्चे किसी भी प्रतिस्पर्धा या किसी खेल में जीत हासिल करने की ठान लेते हैं तो वे अपना जी जान लगा देते हैं। लेकिन जीतना एक कला है। जीतने के लिए योजना बनानी पड़ती है। ठीक उसी तरह, जैसे परीक्षा में अच्छे नंबर लाने के लिए एक टाइम टेबल बनाकर लगातार मेहनत करनी होती है। जिस तरह पढ़ाई में अच्छे मार्क्स लाने के लिए आप बच्चे को गाइड करती हैं, उसकी हेल्प करती हैं। उसी तरह किसी भी कार्य में अच्छा प्रदर्शन करने या जीतने की उसकी योजना को सफल बनाने में भी आपका बहुत बड़ा रोल हो सकता है। इसलिए जितना अधिक संभव हो बच्चे को सपोर्ट करें।

**हार से निकलती है जीत की राह:** अगर आपका बच्चा किसी प्रतियोगिता में असफल रह जाए तो उसे उलाहना देने या दोष देने के बजाए, उसे हिम्मत दें। अगर बच्चा अपनी हार पर अफसोस जताए और कई दिनों तक हार के कारण अवसाद में रहे तो उसे समझाएं कि हार, सफलता की सीढ़ी पर चढ़ने का एक रास्ता है। उसे अगली बार ज्यादा तैयारी करने और निश्चित रूप से जीत हासिल करने के लिए प्रेरित करें। बच्चे को समझाएं कि इंसान कोशिश करता है, असफल होता है और फिर से कोशिश करता है।

---

मैरीड लाइफ

संध्या सिंह

शायद ही कोई ऐसे पत्नी-पत्नी हों, जिनके बीच तकरार न होती हो। तकरार के कारणों का लंबे समय तक बना रहना, दांपत्य जीवन के लिए घातक है। दंपती टकराहट से बचकर आपसी सामंजस्य और सौहार्द से सुखी दांपत्य जीवन की राह पर आएं। ऐसा करना कठिन नहीं है।

## कहीं आप हमेशा तकरार के अंदाज में तो नहीं रहते



पति-पत्नी के रिश्ते में अकसर तकरार होती ही रहती है। कोई भी नई-नवेली दुल्हन जब ससुराल में कदम रखती है तो उसे यहां आकर अपने सास-ससुर, देवर-देवरानी, ननद, जेठ-जेठानी और उनके बच्चों से अपने रिश्ते निभाने पड़ते हैं। साथ ही उसे अच्छी, सर्वगुण संपन्न सुशील बहू का भी रोल निभाना पड़ता है। घर-परिवार में पति-पत्नी के अलावा घर के दूसरे सदस्यों से भी कहा-सुनी हो ही जाती है, इसका इन रिश्तों पर जहां बुरे प्रभाव पड़ते हैं, पति के साथ भी तकरार, कलह-तनाव का कारण बनती है। लेकिन समझदार दंपती अपने दांपत्य को मधुर बनाए रखने के लिए सामंजस्य बैठाकर चलते हैं।

**पति के माता-पिता को लेकर गुस्सा न करें:** अकसर पति-पत्नी के बीच कलह का कारण पति द्वारा अपने माता-पिता को प्रेम और सम्मान देना होता है। कई पत्नियां ऐसी होती हैं, जिन्हें यह बात गले नहीं उतरती कि उनका पति अपने माता-पिता की सारी ख्वाहिशों को पूरा करे। अगर पति अपने माता-पिता पर खर्च करे, ऐसे में पत्नी कुछ ऐसी स्थितियां पैदा करती है कि दोनों के बीच उन्हें लेकर तकरार हो ही जाती है। पत्नी को समझना चाहिए कि पति पर उसके माता-पिता का अधिकार, पत्नी से भी कहीं ज्यादा है। माता-पिता ही उसकी जन्म से परवरिश करते हैं, दुनिया से रूबरू कराते हैं, निश्चित ही वे प्रेम और आदर के अधिकारी हैं। ऐसे में पति द्वारा अपने माता-पिता पर ध्यान देने पर पत्नी को कलह नहीं करनी चाहिए।

**ओवर रिएक्ट करने से बचें:** अकसर पत्नियां घर में सास-ससुर, ननद, जेठ-जेठानी की बातों और तानों को सुनकर गुस्से से जवाब देती हैं। इससे कई बार लड़ाई की नौबत भी आ जाती है। उनकी बातों पर ओवररिएक्ट करने के बजाय जहां बातें हो रही हों, वहां से उठकर चली जाएं। कहते हैं न, जहां दो बर्तन होते हैं, वो एक-दूसरे से टकराते ही हैं। तो ये रिश्ते भी ऐसे होते हैं, जिनमें थोड़ी बहुत तकरार चलती है। आपके रिश्तों में मधुरता बनी रहे, इसलिए कुछ मामलों में चुप्पी साधना ही बेहतर है।

**सही समय पर करें शिकायत:** पति के मूड को देखकर सोच-समझकर बोलना चाहिए। पति के ऑफिस से लेट आने, दोस्तों के साथ इधर-उधर घूमने के कारण भी कुछ पत्नियां कलह करती हैं। पत्नी को चाहिए कि वह भीतर से भले ही गुस्सा हो, लेकिन गुस्से को सही समय पर व्यक्त करे। अगर पति का मूड खराब है तो चुप रहना ही बेहतर है। उनका मूड जब सही हो जाए तो उनसे पूछ सकती हैं, 'कल इतनी देर तक कहां थे?' समझदार पति सच बता देते हैं। अगर झूठ भी बोलें तो उन्हें अगली बार सच बोलने का मौका तो दें। कहने का मतलब है कि उनके घर में घुसते ही उन पर फायर न हों।

**घर के कामों में पति का लें सहयोग:** जिन घरों में पत्नियां कामकाजी होती हैं, वहां काम की अधिकता अकसर पति-पत्नी के बीच कलह का कारण बन जाती है। कई पति, पत्नी का हाथ इसलिए भी नहीं बंटा पाते, क्योंकि वे जो कुछ भी करते हैं, उसमें कोई न कोई कमी पत्नी निकाल ही देती है। ऐसे में उन्हें लगता है, दूर रहने में ही भलाई है। कई पति तो घर के कामों को इसलिए नहीं करते, क्योंकि वे इसे अपनी प्रतिष्ठा के खिलाफ समझते हैं। ऐसे पतियों को समझना चाहिए, आज समय बदल चुका है। उन्हें पत्नी के कामों में हाथ बंटाना चाहिए।


**चुप रहना सिर्फ पत्नी नहीं, पति की भी जिम्मेदारी:** चुप रहना केवल पत्नी की ही जिम्मेदारी नहीं होती। कुछ मामलों में पति ही ज्यादा लड़ाई के लिए उकसाने वाले साबित होते हैं। कई मौकों पर पति को भी चुप्पी साधनी चाहिए। चुप्पी साधकर असलियत का पता लगाने के बाद ही पत्नी से इस बावत कोई बात करें। छोटी-छोटी गलतियों पर अपनी पत्नी को दूसरों के सामने बेइज्जत न करें, इसलिए खामोशी पत्नी या पति की हार नहीं बल्कि दोनो की जीत होती है।

---

## समर ट्रिप के दौरान करें स्किन की प्रॉपर केयर

केयर

शहनाज हुसैन, कॉस्मेटोलॉजिस्ट



समर वेकेशंस में बहुत-से लोग बाहर घूमने-फिरने का प्रोग्राम बनाते हैं। लेकिन घूमने के दौरान अगर आप अपनी स्किन प्रोटेक्शन को लेकर जरूरी सावधानी नहीं बरतेंगी तो कई प्रॉब्लम्स को फेस करना पड़ सकता है। हमारी स्किन को सबसे ज्यादा नुकसान पहुंचाती है, सूर्य की किरणें।

**सनस्क्रीन:** ट्रैवलिंग के दौरान आप सनस्क्रीन लोशन अपने साथ जरूर रखें, क्योंकि यही आपकी स्किन को टैन होने से बचा सकती है। सूर्य की किरणों के संपर्क में रहने से स्किन में टैनिंग होने लगती है। इसलिए इस सीजन में जब भी आप बाहर धूप में जाएं तो जाने से 20 मिनट पहले चेहरे और शरीर के खुले हिस्सों पर सनस्क्रीन का यूज करें। अगर आप धूप में एक घंटा या ज्यादा समय तक रहें तो सनस्क्रीन का दुबारा यूज करें। अगर आपकी स्किन सेंसिटिव है तो सनबर्न से बचने के लिए आप 30 या ज्यादा एस.पी.एफ. वाला सनस्क्रीन यूज करें। इसके अलावा आप मॉयश्चराइजर, रिहाइड्रेंट क्लींजर, हैंड क्रीम और लिप बाम भी साथ रखना न भूलें।

**स्क्रबिंग:** ऑयली स्किन को चमकाने और छिद्रों को साफ करने के लिए स्क्रब का यूज भी इस दौरान करना चाहिए। सी बीच पर खारे पानी में एंज्वॉय करने के बाद चेहरे को ताजे साफ पानी से धोएं। जब भी आप वापस अपने होटल के कमरे में पहुंचें तो चेहरे पर ठंडे दूध की मालिश करके छोड़ दें। इससे सनबर्न के प्रभाव को रोकने में मदद मिलेगी फिर चेहरे पर मॉयश्चराइजर लगाएं।



**मास्क:** फेस स्किन के लिए 'पील ऑफ मास्क' भी उपयोगी साबित होगा। शहद को अंडे के सफेद भाग में मिलाकर इस पेस्ट को चेहरे पर 20 मिनट तक लगा रहने के बाद इसे ताजे पानी से धो डालिए। इससे त्वचा कोमल-चमकदार बनती है।

**बालों का रखें ध्यान:** समुद्री पानी में नहाने से आपके बाल उलझ सकते हैं। समुद्री पानी में नहाते समय सिर को कैप से ढंकने से बालों को सूर्य की गर्मी और खारे पानी के नुकसान से बचाया जा सकता है। समुद्र में नहाने से पहले अपने बालों को सामान्य ताजे पानी से अच्छी तरह धोएं। बालों के छिद्र खुले होते हैं और बालों को धोने के बाद समुद्र में नहाने से बालों को नुकसान नहीं होगा। समुद्री पानी में नहाने के बाद बालों को हल्के हर्बल शैंपू से धो डालिए। शैंपू से धोने के बाद बालों में कंडीशनर या हेयर सीरम जरूर लगाएं।

---

## बढ़ती गर्मी में ऐसे करें बच्चों की केयर

एडवाइस

डॉ. अविनाश कुमार

एचओडी-पीडियाट्रिक-पीएमसीएच, धनबाद

गर्मी के मौसम में जरा-सी लापरवाही बरतने पर बच्चे बीमार हो सकते हैं। इससे बचाव के लिए जरूरी है कि आप उनके ड्रेसअप, डाइट और हाइड्रेशन का ध्यान रखें। यहां पर हम आपको दे रहे हैं इससे रिलेटेड बहुत ही यूजफुल सजेशंस।



गर्मी दिन-ब-दिन बढ़ती जा रही है। बढ़ते तापमान और इस चिलचिलाती गर्मी से हर कोई बेहाल है। बड़े तो फिर भी अपनी सुरक्षा और बचाव के लिए कुछ उपाय कर लेते हैं, लेकिन बच्चे अपना ध्यान नहीं रख पाते हैं। ऐसे में जरूरी है कि आप अपने बच्चों की प्रॉपर केयर करें।

**डाइट दें सही:** गर्मी के मौसम में बच्चों के खान-पान का विशेष ध्यान रखना चाहिए। ध्यान रखें कि बच्चा ब्रेकफास्ट, लंच और डिनर में न्यूट्रिशस डाइट समय पर लेता रहे। बीच-बीच में घर में बने पेय पदार्थ जैसे लस्सी, छाछ, नारियल पानी या मौसमी फलों के रस भी उन्हें दे सकती हैं। नमक, चीनी, पानी और नीबू रस से बनी शिकंजी भी उन्हें पिलाएं। इस मौसम में बाजारू खाना न खुद खाएं और न बच्चों को खिलाएं क्योंकि दूषित भोजन खाने से फूड प्वॉइजनिंग होने का खतरा बना रहता है। इसलिए इससे परहेज करें।



**पहनाएं थिन ड्रेसेस:** इस सीजन में अपने बच्चों को लाइट कलर की कॉटन ड्रेसेस पहनाएं। ये ना केवल आरामदायक होते हैं, बल्कि बच्चों के शरीर को हवादार भी रखते हैं। पसीने को भी ये कपड़े आसानी से सोखते हैं। सिंथेटिक फैब्रिक से बनी ड्रेसेस, शरीर से निकले पसीने को नहीं सोखती हैं और शरीर से देर तक पसीना चिपका रहता है। नतीजा घमौरियां निकल आती हैं।

**धूप से बचाएं:** इस मौसम में दिन के समय बच्चों को धूप में नहीं जाने दें। अगर बच्चा सुस्त दिखे तो उसका बॉडी टेंप्रेचर चेक करना चाहिए। अगर टेंप्रेचर ज्यादा लगे तो ठंडे पानी में कपड़े को भिगोकर तब तक उसके शरीर को पोछें, जब तक कि शरीर का तापमान सामान्य ना हो जाए।

**डिहाइड्रेशन से बचाएं:** गर्मी के मौसम में शरीर बहुत तेजी से पसीने के रूप में तरल (पानी) बाहर निकालता है। इसकी वजह से रक्त गाढ़ा होने लगता है। ऐसी स्थिति में शरीर में पानी की कमी यानी डिहाइड्रेशन से बचाने के लिए अपने बच्चों को दिन भर थोड़ी-थोड़ी देर में तरल पदार्थ देती रहें। ठंडा पानी और ठंडे पेय आपके बच्चे को राहत प्रदान करेंगे, पानी की कमी को पूरा करेंगे और शरीर के तापमान को भी बहुत हद तक कम करने में मदद करेंगे। जूस, शरबत पिलाने से बच्चे को अतिरिक्त ऊर्जा भी मिलेगी।

**रोज नहलाएं:** गर्मियों में बच्चों को ठंडे पानी से रोज नहलाना चाहिए। नहलाने से दो फायदे होते हैं। एक तो उनके शरीर का तापमान कम होता है और दूसरा उनकी त्वचा भी साफ होती है। जिससे त्वचा के रोम छिद्र भी खुल जाते हैं। जो पसीने को शरीर से आराम से निकलने में मदद करते हैं।

**टेंप्रेचर रखें मेंटेन:** घर के भीतर टेंप्रेचर को कम रखने के लिए एसी या कूलर का यूज करें। लेकिन इनका जरूरत से ज्यादा प्रयोग भी हानिकारक हो सकता है, क्योंकि एक निश्चित तापमान से कम होने पर शारीरिक क्रियाएं बाधित होती हैं। छोटे बच्चों के लिए 27 डिग्री से कम का तापमान अच्छा नहीं माना जाता है। अगर बच्चे बाहर से आएं तो उन्हें तुरंत एसी या कूलर के सामने जाने से बचाना चाहिए।

**न हो पेट का संक्रमण:** गर्मी के मौसम में पेट के संक्रमण से बचाने के लिए बच्चों को ताजा, घर का बना पौष्टिक भोजन ही खिलाएं और शुद्ध जल पीने के लिए दें।

प्रस्तुति: अलका 'सोनी'

## खबर संक्षेप

### रेडक्रॉस भवन में रक्तदान शिविर आज

जींद। युवा विकास समिति व जिला रेडक्रॉस सोसायटी के तत्वाधान में मंगलवार को रक्तदान शिविर का आयोजन किया जाएगा। शिविर में मुख्यअतिथि के तौर पर अनाज मंडी के पूर्व प्रधान राजकुमार, विनोद जोशी, ओमप्रकाश चौहान, गोस्वामी, मनीषा बरसाना, नरेश ढांडा, धर्मराज जागलान होंगे। शिविर की अध्यक्षता रेडक्रॉस सचिव रवि हुड्डा द्वारा की जाएगी।

### 21 जून को मनाया जाएगा योग दिवस

जींद। डीसी मोहम्मद इमरान रजा ने कहा कि आगामी 21 जून को 11वां अंतरराष्ट्रीय योग दिवस मनाया जाएगा। योग दिवस के सफल आयोजन के साथ योग मैराथन का आयोजन होगा और लोगों को योग के प्रति जागरूक के उद्देश्य से प्रशिक्षण भी दिया जाएगा ताकि 21 जून को पूरा जिला एक साथ योग में भागीदार बनें।

### सट्टा खाईवाल करता एक व्यक्ति काबू, मामला दर्ज

जींद। शहर थाना नरवाना पुलिस ने सट्टा खाईवाल करते एक व्यक्ति को काबू कर उसके कब्जे से 2870 रुपये बरामद किए हैं। पुलिस आरोपित से पूछताछ कर रही है। शहर थाना पुलिस को सूचना मिली थी कि नई बस्ती निवासी उमेश सट्टा खाईवाल का कार्य करता है। सूचना के आधार पर कार्रवाई करते हुए पुलिस ने उमेश काबू कर लिया। तलाशी लेने पर उसके कब्जे से 2870 की नगदी तथा सट्टा पर्ची बरामद हुई।

### झगड़े में तीन घायल छह पर मामला दर्ज

जींद। गांव नेहरा में बिजली की तार जोड़ते समय कहासुनी के चलते हुए झगड़े में तीन लोग घायल हो गए। सदर थाना नरवाना पुलिस ने शिकायत के आधार पर छह लोगों के खिलाफ मामला दर्ज किया है। पुलिस मामले की जांच कर रही है। गांव नेहरा निवासी गुरसेव ने पुलिस को दी शिकायत में बताया कि उसकी बहन लवप्रीत टूटी बिजली केबल को जोड़ रही थी। उसी दौरान रामफल परिवार ने उसकी बहन के साथ मारपीट शुरू कर दी।

### संदिग्ध हालात में दो युवतियां लापता

जींद। जिले में अलग-अलग स्थानों से दो युवतियों के संदिग्ध हालात में गायब होने पर पुलिस ने अज्ञात लोगों के खिलाफ मामले दर्ज किए हैं। पुलिस मामले की जांच कर रही है। गांव सिवानामाल निवासी एक व्यक्ति ने पुलिस को दी शिकायत में बताया कि गत दिवस उसकी 17 वर्षीय बेटी घर से गायब हो गई। वहीं कलावती से भी गत दिवस 16 वर्षीय युवती गायब हो गई।

### न्यू टैगोर सीसे स्कूल का परीक्षा परिणाम शानदार

राजौंद। गांव किठाना के न्यू टैगोर सीनियर सेकेंडरी स्कूल के विद्यार्थियों ने दसवीं कक्षा के परीक्षा परिणाम में 47 विद्यार्थियों ने मैरिट प्राप्त करके विद्यालय का नाम रोशन किया। इस बारे स्कूल प्रधानाचार्य अरविन्द शास्त्री ने बताया कि हर्ष ने 479 अंक 95.8 प्रतिशत अंक लेकर तृतीय विद्यालय में प्रथम स्थान प्राप्त किया है व नेहा ने 475 अंक लेकर द्वितीय स्थान प्राप्त किया व मीतू ने 474 अंकों के साथ तृतीय स्थान प्राप्त किया।

### आदर्श स्कूल जाखौली के छात्रों ने मारी बाजी

राजौंद। गांव जाखौली के आदर्श स्कूल के 30 विद्यार्थियों ने मेरिट सूची में स्थान प्राप्त कर विद्यालय का नाम रोशन किया। स्कूल में इन विद्यार्थियों के लिए सम्मान समारोह कार्यक्रम का आयोजन किया गया। जिसमें विद्यार्थियों को स्कूल मैनेजमेंट द्वारा सम्मानित किया गया।

### परशुराम जयंती को लेकर लगाई छबील

राजौंद। गांव नीमवाला में कैथल असंध मार्ग पर गांव के बस अड्डे पर परशुराम जयंती के उपलक्ष में समाज के लोगों ने भीषण गर्मी में ठंडे मीठे पानी की छबील लगाकर लोगों की प्यास बुझाई। युवाओं ने मुख्य मार्ग पर गुजरने वाले हर वाहन को रूकवा रूकवा कर ठंडा मीठा जल पिलाकर इस भीषण गर्मी में लोगों की प्यास बुझाई।

## हमारी सैन्य शक्ति ने विश्वपटल पर हमारे सम्मान को बढ़ाया

# प्रदेश का हर वर्ग तिरंगा यात्रा में हो रहा शामिल : डॉ. भारत भूषण

तिरंगा यात्रा में हमारे सैनिकों के सम्मान के साथ-साथ यात्रा के दौरान देश के वीर शहीदों को श्रद्धांजलि भी दी जा रही

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जींद


जींद। तिरंगा यात्रा के दौरान भारतभूषण टाक। फोटो :हरिभूमि

भारतीय जनता पार्टी अनुसूचित मोर्चा प्रदेश मंत्री जिला चरखी-दादरी के प्रभारी डा. भारत भूषण टाक ने कहा कि पूरे देश में हो रही तिरंगा यात्रा आज विश्वपटल पर भारत के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के कुशल नेतृत्व में अपना इतिहास लिख रही है रही है। भारत की तीनों सेनाओ ने आतंकवाद को जड़ से खत्म करने का जो संकल्प लिया है। उन्ही हमारे वीर सैनिकों के सम्मान में कश्मीर से कन्याकुमारी तक पूरे भारत वर्ष में तिरंगा यात्राओं का आयोजन हो रहा है। भारत के सम्मान को जिस प्रकार से हमारे वीर योद्धा और हमारी सैन्य शक्ति ने आज विश्वपटल पर हमारे सम्मान को बढ़ाया है और पाकिस्तान को कुछ ही घंटे में ध्वस्त करके पाकिस्तानी सेना और पाक आतंकवादी संगठनओ के घुटने टीका दिए और हमारे गौरवशाली इतिहास को फिर से दोहारा रहे हैं। वीरों की भूमि हरियाणा जहा से देश की सेनाओं में असंख्य सैनिकों के रूप सेवा कर रहे युवा जो भारत माता की आन-बान और शान को बड़ा रहे है ।

पूरे देश के साथ हरियाणा तिरंगा यात्रा के माध्यम से एक नया इतिहास लिख रहा है। हरियाणा के मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी, प्रदेशाध्यक्ष मोहनलाल बडोली, कैबिनेट मंत्री प्रदेश, महामंत्री एवं तिरंगा यात्रा के संयोजक कृष्ण कुमार बेदी के नेतृत्व में आज समाज का हर तबका, राजनीतिक दल, सामाजिक संस्थाएं, पूर्व कर्मचारी संगठन, डॉक्टर संगठन, स्कूल के बच्चे, महाविद्यालय व विश्वविद्यालय जैसे शिक्षण संस्थान भी इस अभियान में बड़ी जोर शोर से लगा हुआ है। तिरंगा यात्रा में हमारे सैनिकों के सम्मान के साथ-साथ यात्रा के दौरान देश के वीर शहीदों को श्रद्धांजलि भी दी जा रही है। भारतीय सेना द्वारा की गई कार्रवाई को हमारी दो महिला अधिकारियों ने नारी सशक्तिकरण की मिसाल को कायम रखते हुए देश को आगे बढ़ाने और हमारे सैन्यशक्ति की परिकल्पना को विश्व पटल पर रखने का काम किया है।

### ऑपरेशन सिंदूर ने विश्व को दिखाई भारत की नई ताकत

जींद। हरियाणा विधानसभा के डिप्टी स्पीकर डा. कृष्णलाल मिड्ढा ने कहा कि ऑपरेशन सिंदूर के दौरान भारत ने यह सिद्ध कर दिया कि अब कोई भी आक्रामक हरकत देश की सीमा तक नहीं पहुंच सकती। हमारी सेना ने दुश्मन के घर में घुस कर आतंकियों का सफाया किया और यह हमारी सैन्य ताकत का अद्भुत उदाहरण है। आज हम सब यह संकल्प लें कि हम देश की रक्षा करने वाले सैनिकों के मनोबल को हमेशा ऊंचा बनाए रखेंगे। पहलगाम में आतंकियों द्वारा की गई नापाक हरकतों को भारतीय सेना ने मुंहतोड़ जवाब दिया और भारतीय सेना के इस पराक्रम को पूरी दुनिया ने देखा।

# 10वीं और 12वीं की परीक्षाओं में मेरिट में आने वाली छात्राओं को किया सम्मानित

हरिभूमि न्यूज ▶▶| पूंडरी



राजकीय कन्या वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय पुंडरी की छात्राओं ने दसवीं कक्षा में भी 12वीं कक्षा की तरह ही शत प्रतिशत परिणाम हासिल किया है। दसवीं एवं बारहवीं की बोर्ड परीक्षा में मेरिट में आने वाली छात्राओं को आज विद्यालय में बुलाया गया।

विद्यालय के प्रधानाचार्य एवं स्टाफ व एसएमसी सदस्यों ने छात्राओं का फूल मालाओं से स्वागत किया। इस समय स्कूल में पढ़ रही छात्राओं ने अपनी बड़ी बहनों को मिठाई खिलाई। प्रधानाचार्य धर्म सिंह मोहना ने बताया कि इस वर्ष विद्यालय में दसवीं कक्षा की 83 एवं 12वीं कक्षा की 60 छात्राओं ने बोर्ड की परीक्षा दी थी। दसवीं कक्षा में 14 बच्चे एवं 12वीं में 13 बच्चों ने बोर्ड की मेरिट सूची में अपना स्थान बनाया है। दसवीं कक्षा में विद्यालय में संजना ने प्रथम, यशिका ने दूसरा, उर्वशी व तमन्ना ने तीसरा स्थान प्राप्त किया है। इन चारों बच्चियों के 90त्न से 'यादा अंक आए हैं। दसवीं कक्षा में 83 में से 61 और 12वीं कक्षा में 60 में से 58 लड़कियों ने बोर्ड परीक्षा प्रथम श्रेणी में पास की है।


जींद। दक्ष को सम्मानित करते हुए। फोटो :हरिभूमि

### दक्ष ने नेटबॉल प्रतियोगिता में जीता रजत

जींद। सुप्रीम सीनियर सेकेंडरी स्कूल के छात्र दक्ष ने हाल ही में आयोजित राज्य स्तर की नेटबॉल टूर्नामेंट में दूसरी पोजीशन प्राप्त कर विद्यालय का नाम रोशन किया है। यह टूर्नामेंट निडानी में आयोजित किया गया था और इसमें 150 विद्यालयों के विद्यार्थियों ने भाग लिया था। टूर्नामेंट दो दिवसीय थर और इसमें विभिन्न विद्यालयों के विद्यार्थियों ने अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन किया। दक्ष ने शानदार प्रदर्शन किया और दूसरा स्थान हासिल की। विद्यालय के प्रधानाचार्य सतेंद्र त्रिपाठी ने दक्ष की इस उपलब्धि पर प्रसन्नता व्यक्त करते हुए कहा कि दक्ष की यह उपलब्धि विद्यालय के लिए गर्व की बात है। हमें उम्मीद है कि दक्ष आगे भी इसी तरह की सफलता हासिल करेगा। विद्यालय प्रबंधन समिति के अध्यक्ष डा. डीपी जैन, उपाध्यक्ष बलवान कौशिक, निदेशक शरत अत्री ने दक्ष को बधाई दी।

### शिविर में समस्याओं का किया जा रहा हल : डीसी

जींद। जिला प्रशासन द्वारा आमजन की शिकायतों के त्वरित व प्रभावी समाधान के लिए समाधान शिविर का आयोजन किया जा रहा है। सोमवार को आयोजित समाधान शिविर में काफी संख्या में नागरिक समस्याओं को लेकर पहुंचे। जिनकी सुनवाई उपायुक्त मोहम्मद इमरान रजा द्वारा स्थानीय लघु सचिवालय के सभागार में की गई। डीसी मोहम्मद इमरान रजा ने कहा कि नागरिक अपनी समस्याओं को लेकर समाधान शिविर में आ रहे हैं और जिला प्रशासन समस्याओं के निदान को लेकर पूरी तरह से गंभीर है। आमजन की समस्याओं को लेकर जिला के अधिकारियों को पूरी संवेदनशीलता के साथ कार्य करने के निर्देश दिए गए हैं। बताया कि समाधान शिविर के दौरान नागरिक पीपीपी, राशन कार्ड, आयुष्मान कार्ड, पानी लाइन, बिजली कनेक्शन, बिजली की तारें, पेंशन और अन्य सरकारी योजनाओं तथा पुलिस विभाग से जुड़े मुद्दे लेकर पहुंचे थे। डीसी ने बताया कि सरकार व प्रशासन की प्राथमिकता है कि नागरिकों को उनकी समस्याओं का त्वरित समाधान प्रदान किया जाए।

### बेबी शो कार्यक्रम का आयोजन किया

नरवाना। क्षेत्र में लगातार नए आयाम स्थापित करते क्षेत्र की पैलेडियम जूनियर स्कूल ब्रांच ने बेबी शो कार्यक्रम के द्वारा बच्चों के सर्वांगीण विकास के कार्यक्रमों का आगाज आगाज किया है । जिसमें शहर के लगभग सभी गणमान्य व्यक्तियों ने हिस्सा लिया । इस मौके पर मल्टी स्पेशलिस्ट जेपी हॉस्पिटल के पीडियाट्रिक्स विभाग के एमबीबीएस एमडी वरिष्ठ डॉक्टर राजकुमार व डॉक्टर रीना एमबीबीएस ओबेसिटी एंड गायनी स्पेशलिस्ट व अन्य सदस्यों के स्टाफ ने स्कूल के बच्चों का वजन हाइट तथा और अन्य मौसमी बीमारियों का फ्री चेकअप किया और उन्हें मौसम से बचाव की सलाह दी। इस कार्यक्रम में हिसार से आई टीम के सदस्यों ने एंकरिंग की व भाग लेने वाले माता-पिता व बच्चों के साथ काफी खेलों का सफलतापूर्वक आयोजन किया।


नरवाना। कार्यक्रम में सम्मानित करते हुए। फोटो :हरिभूमि


जींद। एमओयू करते हुए प्राचार्य सत्यवान मलिक व सुनील अरोड़ा।

### मांग के अनुरूप प्रशिक्षण को प्रतिबद्धः अरोड़ा

जींद। राजकीय कालेज व क्लासिक कंप्यूटर प्वायंट एमएसएमई के बीच समझौता ज्ञापन (एमओयू) पर हस्ताक्षर किए गए। इस समझौते का उद्देश्य छात्रों को आईटी और कंप्यूटर शिक्षा के क्षेत्र में व्यावहारिक अनुभव, इंटर्नशिप, कौशल विकास और उद्योग से जुड़ी नई तकनीकों का प्रशिक्षण प्रदान करना है, जो नई शिक्षा नीति 2020 के अनुरूप है। प्राचार्य सत्यवान मलिक ने कहा कि ये समझौता छात्रों के समग्र विकास और उनके तकनीकी कौशल को बढ़ाने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है। इससे हमारे छात्रों को औद्योगिक जगत के साथ सीधा जुड़ाव मिलेगा, जो उनके करियर निर्माण में सहायक होगा। सुनील अरोड़ा ने कहा कि हम इस पहल के माध्यम से छात्रों को व्यावहारिक अनुभव और उद्योग की मांग के अनुरूप प्रशिक्षण प्रदान करने के लिए प्रतिबद्ध हैं।

### प्रवासी मजदूरों को किया जागरूक

जींद। स्वास्थ्य विभाग के उच्चाधिकारियों के निर्देशानुसार नगूरां स्वास्थ्य विभाग की टीम नगूरां गांव के एनबीसी ईंट भट्ठे के अलावा दालमवाला स्थित रेढू डेयरी फार्म पर पहुंची। जहां पर स्वास्थ्य विभाग की टीम ने प्रवासी मजदूरों को जागरूक करते बुखार संभावित मरीजों की रक्त पट्टिकाएं बनाई। अध्यक्षता स्वास्थ्य निरीक्षक नरेंद्र ढांडा व महिला सुपरवाइजर पुष्पावती ने की। स्वास्थ्य निरीक्षक नरेंद्र ढांडा ने कहा किडेंगू व चिकनगुनिया एडिज मच्छर से फैलता है। यह मच्छर दिन में काटता है व रूके साफ पानी में पनपता है। इसलिए प्रतिदिन पानी के बर्तन, होदी तथा टंकियों की सफाई करें। झुग्गी झोपडियों के सामने बनी नालियों की सफाई करें तथा नालियों में डीजल या काला तेल डालें। इस अवसर पर कर्मचारी संजय, अनिल, सुभाष आदि कर्मचारियों ने भाग लिया।



नगूरां में एनबीसी ईंट भट्ठे पर मरीजों की रक्त पट्टिका बनाती स्वास्थ्य विभाग की टीम।


नरवाना। बच्चों को सम्मानित करते हुए। फोटो :हरिभूमि

### विद्यार्थियों ने फिर फहराया परचम

नरवाना। हरियाणा विद्यालय शिक्षा बोर्ड भिवानी द्वारा घोषित किए गए परीक्षा परिणामों में पी0एम0 श्री राजकीय वमावि नरवाना के 12वीं कक्षा के 151 विद्यार्थियों का परिणाम 100% रहा 12वीं कक्षा के 83 बच्चों ने मेरिट में स्थान पाया तथा 49 बच्चों ने प्रथम श्रेणी से परीक्षा प्राप्त की। विद्यालय की विज्ञान संकाय में पढ़ रहे छात्र रमन पुत्र धीरा ने 93% अंकों के साथ विद्यालय में प्रथम स्थान प्राप्त किया। इसी प्रकार विद्यालय के बच्चों का 10वीं कक्षा का परीक्षा परिणाम भी शानदार रहा और सभी बच्चे अच्छे अंकों से पास इस सुअवसर पर खण्ड शिक्षा अधिकारी सुरेश नैन ने विद्यालय में आकर शानदार उपलब्धि प्राप्त करने वाले सभी बच्चों को स्मृति चिन्ह देकर सम्मानित किया। शानदार परीक्षा परिणाम पर विद्यालय के प्रधानाचार्य राजेंद्र आजाद ने विद्यालय के समस्त स्टाफ को बधाई दी और सभी बच्चों को सफलता पर आशीर्वाद दिया।



जींद। टैलेंट शो में भाग लेते हुए बच्चे। फोटो :हरिभूमि

### बच्चों ने स्टेज पर दिखाई प्रतिभा

जींद। महाराजा अग्रसेन विद्यालय में पांचवी व छठी कक्षा के नवआगंतुक बच्चों के लिए टैलेंट शो का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य नवआगंतुक बच्चों की प्रतिभा से रूबरू होने का अवसर मिलता है। बच्चों ने हरियाणवी लोक नृत्य, पंजाबी नृत्य पेश कर कार्यक्रम में समां बांध दिया। नृत्य के अलावा प्रेरणादायक कहानियां व कविताएं सुना कर अपनी प्रतिभा का परिचय दिया। नृत्य प्रतियोगिता में कक्षा पांचवी से हिमाक्षी व स्नेहा प्रथम, यन्शिका, रिया व काव्या द्वितीय, इशिका, वान्या व पल्लवी तृतीय और कक्षा छठी में रितिका प्रथम, उमंग द्वितीय व नायरा और मिष्ठीने तृतीय स्थान अर्जित किया। विद्यालय प्रधान महावीर जी ने कहा कि टैलेंट शो बच्चों की प्रतिभा निकालने का एक अचूक माध्यम है। एक्टिविटीज से बच्चों का तन और मन स्वस्थ रहता है।



जींद। डीएन मॉडल स्कूल में होनहार छात्रों को सम्मानित करते हुए।

### सम्मान समारोह का आयोजन

जींद । 10वीं कक्षा के बोर्ड परीक्षा परिणाम में डीएन मॉडल स्कूल के छात्र सक्षम ने 489/500 अंक प्राप्त कर हरियाणा में नौंवा स्थान प्राप्त किया है। 41 बच्चों ने मेरिट सूची में स्थान प्राप्त किया था। सोमवार को विद्यालय में सम्मान समारोह का आयोजन किया गया। जिसमें गणित विषय के प्राध्यापक अवनीश कुमार ने मुख्यअतिथि के रूप में शिरकत की। कार्यक्रम की शुरुआत दीप प्रज्जवलित के साथ की गई। विद्यालय की प्राचार्या राज रेढू ने विद्यालय के परीक्षा परिणाम के बारे में विस्तार से जानकारी दी। मेधावी विद्यार्थी सम्मान समारोह में टॉपर सक्षम को फूलमालाओं व नगद पुरस्कार देकर सम्मानित किया गया। स्कूल की छात्रा साक्षी व स्माइल ने 486 अंकों के साथ स्कूल में दूसरा, महक, राखी ने 474 अंकों के साथ तीसरा, लक्ष्मी, नियति, तानिया ने 473 अंकों के साथ चौथा और अन्नू ने 469 अंकों के साथ पांचवां स्थान प्राप्त किया।

# आर्य कन्या महाविद्यालय का दसवीं में नरवाना खंड में सर्वश्रेष्ठ परीक्षा परिणाम

हरिभूमि न्यूज ▶▶| नरवाना



हरियाणा विद्यालय शिक्षा बोर्ड द्वारा घोषित दसवीं के परिणाम में आर्य कन्या महाविद्यालय नरवाना ने संख्यात्मक व गुणात्मक दृष्टि से सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन कर हरियाणा में इतिहास रच दिया है। परिणाम की विस्तृत जानकारी देते प्राचार्या मीना गर्ग ने बताया कि उनके विद्यालय का परिणाम शत प्रतिशत रहा। कुल 68 विद्यार्थियों में से 54 ने मेरिट सूची में स्थान प्राप्त किया।कशिश सुपुत्री होशियार ने 493 अंक प्राप्त कर नरवाना पूरे हरियाणा में पाँचवा व जिला जींद में तीसरा स्थान प्राप्त किया। इशिका सुपुत्री सोनू ने 487 अंक प्राप्त द्वितीय व बंशिका सुपुत्री उदयवीर ने 485 अंक प्राप्त कर तृतीय स्थान प्राप्त किया। अंग्रेजी और गणित विषयों में अनेक छात्राओं ने शत प्रतिशत अंक प्राप्त किये। इस ऐतिहासिक परिणाम के दृष्टिगत विद्यालय में एक सम्मान समारोह का आयोजन किया गया। आर्य कन्या महाविद्यालय महर्षि दयानंद के स्त्री शिक्षा के महान स्वप्न को साकार करने में अपनी महती भूमिका निभा रहा है। आज का परिणाम इस कड़ी में एक और मील का पत्थर है। उन्होंने इस परिणाम के लिए सभी विद्यार्थियों अभिभावकों प्राचार्या व अध्यापिकाओं को बधाई प्रेषित की व भविष्य में भी ऐसे परिणाम की अपेक्षा की।

## मोतीलाल नेहरू पब्लिक विद्यालय में अलंकरण समारोह

# कर्तव्य को निष्ठा के साथ निभाने का आश्वासन दिया

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जींद




मोतीलाल नेहरू पब्लिक विद्यालय के प्रांगण में अलंकरण समारोह का आयोजन किया गया । इस अलंकरण समारोह में तीसरी कक्षा से बारहवीं कक्षा तक के विद्यार्थियों ने भाग लिया। हेड बवाय, हेड गर्ल, हाउस कैप्टन, हाउस स्पोर्ट्स कैप्टन, हाउस कल्चरल कैप्टन, इको क्लब कैप्टन, एनएसएस कैप्टन को नियुक्त किया गया। इसके अलावा हाउस वॉइस कैप्टन, स्पोर्ट्स वाइस कैप्टन, कल्चरल वाइस कैप्टन, इको क्लब वाइस कैप्टन, एनएसएस वाइस कैप्टन भी नियुक्त किए गए। समारोह का आयोजन प्रबंध समिति अध्यक्ष संदीप दहिया, विद्यालय के प्राचार्य रविंद्र कुमार, प्रशासक वीपी शर्मा और हेड कोऑर्डिनेटर सुरेंद्र कुमार ने दीप प्रज्वलित द्वारा किया। इस अवसर पर छात्र परिषद के निर्वाचित सदस्यों को शपथ दिलवाई गई कि अपने निर्धारित कर्तव्यों का सत्य निष्ठा के साथ पालन करेंगे। नव चयनित छात्रों ने भी अपनी कृतज्ञता अभिव्यक्त करते हुए कर्तव्यों को पूर्ण निष्ठा के साथ निभाने का आश्वासन दिया । कार्यक्रम के दौरान छात्रों द्वारा सांस्कृतिक कार्यक्रम भी प्रस्तुत किए गए। विद्यालय प्रबंध समिति अध्यक्ष संदीप दहिया ने विद्यालय में लोकतांत्रिक प्रक्रिया के अंतर्गत हुए चयन की पारदर्शिता की भी प्रशंसा की और यह बताया कि छात्रों का चयन उनके आचरण, एकेडमिक प्रदर्शनए सहशैक्षणिक गतिविधियों में भागीदारी और नेतृत्व कौशल के आधार पर किया गया है। उन्होंने कहा कि आपका कार्य केवल अनुशासन बनाए रखना नही बल्कि अपने साथियों के साथ एकजुट रहकर उन्हें सही मार्ग दिखाना भी है। विद्यालय जीवन में सीखी गई ये नेतृत्व क्षमताएं आपके सम्पूर्ण जीवन में सहायक सिद्ध होंगी। इस अवसर पर विद्यालय के प्राचार्य रविंद्र कुमार ने छात्रों का मनोबल बढ़ाते हुए उन्हें अपने दायित्वों का निर्वाह करने के लिए प्रोत्साहित किया और छात्रों को समझाया कि वे अपने पद की गरिमा विद्यालय के मान-सम्मान, अनुशासन और गौरव को बढ़ाने के लिए हमेशा प्रयासरत रहें। विद्यालय प्रशासक वी पी शर्मा और हेड कोऑर्डिनेटर सुरेंद्र कुमार ने भी बच्चों को प्रोत्साहित किया ताकि बच्चे पूरी निष्ठा के साथ काम करें। राष्ट्रगान के साथ यह समारोह संपन्न हुआ।

### स्कूल में संदीप ने पाया प्रथम स्थान

जींद। राजकीय वमावि जींद का हरियाणा विद्यालय शिक्षा बोर्ड भिवानी द्वारा घोषित 10वीं व 12वीं कक्षा का परीक्षा परिणाम शानदार रहा। छात्रों की उपलब्धि पर विद्यालय में खुशी का माहौल है। विद्यालय में मिठाई बांटी गई। 10वीं का परिणाम 96 प्रतिशत रहा। जिसमे नितेश पुत्र संदीप प्रथम, अनिकेत पुत्र जयवीर द्वितीय व रक्षित पुत्र संदीप तृतीय स्थान प्राप्त किया। जबकी 12वीं कक्षा में आशीष पुत्र प्रदीप प्रथम, मंजीत पुत्र बलबीर द्वितीय व रोहित पुत्र हरिमोहन तृतीय स्थान पर रहे। प्राचार्य राजकुमार भोला ने सभी बच्चों, अध्यापकों व उनके अभिभावकों को शानदार परिणाम की बधाई दी व बच्चों को पुरस्कृत किया। इस अवसर पर प्रजेश पीजीटी जीईओ, जयदीप बराड पीजीटी कंप्यूटर साइंस, निर्मला पीजीटी संस्कृत, जीतो पीजीटी मैथमेटिक,बिमला पीजीटी हिंदी, रीतू वीटी (आईटी), सुचिता श्योकंद पीजीटी कॉमर्स, मोनिका उपस्थित रहे।

**सूचना**

मैं, सुरेश मलिक पुत्र श्री भगवान निवासी गांव सिरटा जिला कैथल (हरियाणा) भारत बयान करता हूं कि मैं अपना नाम सुरेश मलिक से बदलकर सुरेश कुमार रखता हूं।

**सूचना**

मैं, सोनू मलिक पुत्र श्री सुरेश कुमार निवासी गांव सिरटा जिला कैथल (हरियाणा) भारत बयान करता हूं कि मैं अपना नाम सोनू मलिक से बदलकर सोनू रखता हूं।

**सूचना**

मैं, कविता मलिक पत्नी श्री सुरेश कुमार निवासी गांव सिरटा जिला कैथल (हरियाणा) भारत बयान करती हूं कि मैं अपना नाम कविता मलिक से बदलकर कविता देवी रखती हूं।

## खबर संक्षेप

### भ्रूण हत्या को लेकर गांव प्योदा में जागरूकता रैली

**कलायत।** कन्या भ्रूण हत्या के खिलाफ गांव दर गांव जन आंदोलन खड़ा करने के लिए सोमवार को कलायत विधानसभा के गांव प्योदा में जागरूकता रैली निकाली गई। शिक्षा, महिला एवं बाल विकास और स्वास्थ्य विभाग के संयुक्त प्रयास से सजे इस जागरूकता के मंच में छात्र-छात्राओं, महिलाओं, बड़े-बुजुर्गों, युवाओं और बच्चों ने गली-गली जागरूकता की अलख जगाई। पीएचसी देवबन के अंतर्गत उप स्वास्थ्य केंद्र प्योदा के तत्वाधान में आयोजित कार्यक्रम में सीएचओ डा.वीरेंद्र सिंह, एएनएम सुनीता देवी और ज्योति, आशा, आंगनवाड़ी वर्कर्स, सुपरवाइजर इत्यादि सहित मौजूद रहे।

### पंच व सरपंच के उपचुनाव का कार्यक्रम घोषित

**जींद।** डीसी एवं जिला निर्वाचन अधिकारी (पंचायत) मोहम्मद इमरान रजा ने बताया कि हरियाणा राज्य निर्वाचन आयोग ने पंचायती राज संस्थाओं के पंच व सरपंच के प्रस्तावित उपचुनाव के कार्यक्रम लिए अधिसूचना जारी कर दी है। जिला जींद के अलेवा, उचाना, नरवाना, पिल्लूखेड़ा, जींद, उझाना, सफीदों व जुलाना ब्लॉक में पंच के 75 पद, मेंबर पंचायत समिति के दो पद व सरपंच के छह पदों के लिए उपचुनाव होगा। नामांकन प्रक्रिया शनिवार 24 मई से शुरू होगी। जो शुक्रवार 30 मई तक सुबह 10 बजे से लेकर सायं तीन बजे तक जारी रहेगी। रविवार और राजकीय अवकाश के दिन नामांकन पत्र दाखिल नहीं किए जाएंगे।

### सीएमओ ने किया सफीदों अस्पताल का निरीक्षण

**सफीदों।** सिविल सर्जन डा. सुमन कोहली ने सोमवार को सफीदों नागरिक अस्पताल का निरीक्षण किया। इस मौके पर डिप्टी सिविल सर्जन डा. पालेराम कटारिया व एसएमओ डा. श्याम सुंदर अरोड़ा विशेष रूप से मौजूद रहे। सिविल सर्जन डा. सुमन कोहली ने नागरिक अस्पताल का बारिकी से निरीक्षण किया। उन्होंने डाक्टरों को निर्देश दिए कि वे मरीजों को बेहतर चिकित्सीय सेवाएं उपलब्ध करवाएं। गर्भवती महिलाओं की अच्छी प्रकार से जांच करें। इसके अलावा उन्होंने अस्पताल में साफ-सफाई के विशेष ख्याल रखें। उन्होंने स्टाफ से कहा कि वे समय पर आकर ड्यूटी को संभालें।

### शादीपुर में 5वीं क्रिकेट प्रतियोगिता संपन्न

**गुहला-चीका।** गांव शादीपुर में भगत सिंह स्पोर्ट्स क्लब द्वारा आयोजित तीन दिवसीय पांचवां क्रिकेट टूनामेंट सफलतापूर्वक सम्पन्न हुआ। इस आयोजन में गुहला के विधायक देवेंद्र हंस मुख्य अतिथि के रूप में शामिल हुए। उन्होंने युवाओं को खेलों में भाग लेने के लिए प्रेरित करते हुए कहा कि ऐसे टूनामेंट युवाओं का मनोबल बढ़ाते हैं और उन्हें नशे से दूर रखने में सहायक होते हैं।
विधायक ने आयोजन की सराहना करते हुए कहा कि इस प्रकार के खेल आयोजनों से गांवों में खेल भावना को बढ़ावा मिलता है और युवा ऊर्जा को सकारात्मक दिशा मिलती है। उन्होंने युवाओं से आग्रह किया कि ऐसे आयोजन समय समय पर करवाते रहें।

### वक्ताओं ने नई पेंशन स्कीम को कर्मचारियों के साथ बताया अन्याय

# पेंशन पर भ्रम की राजनीति छोड़ पुरानी पेंशन बहाल करे सरकार

**ओपीएस की मांग को कमजोर करने के लिए राजनीतिक उपाय के रूप में देखना गलत**

हरिभूमि न्यूज. कैथल

हरियाणा विद्यालय अध्यापक संघ संबद्ध सर्व कर्मचारी संघ हरियाणा एवं स्कूल टीचर्स फेडरेशन ऑफ इंडिया के राज्य प्रधान प्रभु सिंह, राज्य महासचिव रामपाल शर्मा, कैशियर संजीव सिंगला, वरिष्ठ उपप्रधान गुरमीत सिंह, उपमहासचिव कृष्ण नैन, संगठन सचिव सुखदर्शन सरोहा,प्रैस प्रवक्ता निशा , जिला प्रधान रामफल दयोहरा व जिला सचिव अमरनाथ किठानिया ने सयुक्त प्रैस विज्ञप्ति जारी करते हुए बताया कि राज्य सरकार द्वारा पेंशन संबंधी नीतियों पर अपनाए जा रहे दोहरे रवैये की संगठन कड़ी आलोचना करता है। उन्होंने कहा कि 5 साल के सांसदो/ विधायकों के लिए पुरानी पैंशन और वो भी अलग अलग टर्म के लिए अलग अलग तथा अपनी जिंदगी का बड़ा हिस्सा सरकारी सेवा में लगाने वाले कर्मचारी/ शिक्षकों के लिए कोई पैंशन नहीं।जो एनपीएस की जगह हरियाणा में युनिफाइड पेंशन स्कीम की सरकार ने घोषणा की हैं वह तो एक प्राइवेट बिमा या शेयर मार्केट का अपना स्वयं का निवेश मात्र हैं। उन्होंने कहा कि वर्तमान में लागू नई पेंशन योजना व सरकार द्वारा वर्तमान में घोषित युनिफाइड पैंशन स्कीम कर्मचारियों की सामाजिक सुरक्षा के साथ सरासर अन्याय है, वहीं अब यूनिफाइड पेंशन स्कीम के नाम पर एक और भ्रमजाल खड़ा किया जा रहा है, जिससे कर्मचारियों की पुरानी पैंशन की मांग को भटकाया जा सके। इसका हरियाणा विद्यालय अध्यापक संघ कड़ा विरोध करता हैं। नई पेंशन योजना एवं युनिफाइड पैंशन स्कीम दोनों ही सेवानिवृत्त कर्मचारियों को पूर्ण आर्थिक असुरक्षा में धकेलती है। यह पेंशन नहीं, बल्कि शेयर बाजार पर आधारित एक जोखिमपूर्ण निवेश है। जो बढ़ती महंगाई में भी हमेशा स्थिर रहती है। यूपीएस की परिकल्पना भी स्पष्ट नहीं है—न इसकी संरचना, न गारंटी, न ही दीर्घकालिक प्रभावों का आकलन। इसे ओपीएस की मांग को कमजोर करने का एक राजनीतिक उपाय की तरह लागू




किया जा रहा है। सरकार का यह मानना गलत हैं कि जब तक इसकी पोल खुलेगी, तब तक वह 2-4 चुनाव ओर जीत जाएंगी। कर्मचारी इसकी असलियत को समझते हैं।पुरानी पेंशन योजना कर्मचारियों के लिए न केवल एक सम्मानजनक रिटायरमेंट की गारंटी थी, बल्कि उसमें महँगाई भत्ते से जुड़ी वृद्धि, भविष्य के वेतन आयोग की सिफारिशों का लाभ और रिटायरमेंट के बाद मेडिकल क्लेम की सुविधा भी शामिल थी। उन्होंने कहा कि आखिरकार कर्मचारियों के सेवा-काल के समर्पण का प्रतिफल अनिश्चितता क्यों हो। जब सारी जवानी सरकारी सेवा में लग रही हैं तो बुढ़ापे की जिम्मेदारी क्यों नहीं ली जा रही हैं। क्यों कापोरेट को निवेश की मलाई चटवाने के लिए कर्मचारियों के खून को निचोड़ा जा रहा हैं। एपीएस या यूपीएस किसकी मांग हैं। कर्मचारी तो ओपीएस मांग रहें हैं, फिर तानाशाही पूर्वक यूपीएस क्यों थोपी जा रही हैं? सरकार न्याय करने की जगह तानाशाही कर रही हैं। राज्य सरकार केवल रिपोर्ट माँगने और बयान जारी करने तक सीमित है, जबकि लाखों कर्मचारी ओपीएस के लिए मैदान में हैं। यूपीएस को एक राजनीतिक जुमला बताते हुए उन्होंने कहा कि इससे ना तो सरकार का बोझ कम होगा, ना कर्मचारी संतुष्ट होंगे। यह मात्र कार्पोरेट को देश लूटाने के लिए हो रहा हैं।उन्होंने कहा कि /"पुरानी पेंशन योजना कोई खैरात नहीं, बल्कि कर्मचारी का सेवा पश्चात अधिकार है। सरकार स्पष्ट घोषणा कर ओपीएस को बहाल करे और यूपीएस जैसे भ्रमक प्रस्तावों को तत्काल वापस ले।

### अभिषेक जैन ने कार्यकारिणी के साथ ली शपथ

**सफीदों।** किरयाणा एसोसिएशन के पदाधिकारियों का शपथ ग्रहण समारोह किड्स वैली स्कूल में धूमधाम से संपन्न हुआ। इस अवसर पर काफी तादाद में किरयाणा दुकानदारों ने भाग लिया। एसोसिएशन के सरपरस्त अशोक माटा, अशोक गोयल, जोगी अरोड़ा व अमन कुमार जैन ने नवनियुक्त कार्यकारिणी को पद व गोपनियता की शपथ दिलवाई। इस मौके पर प्रधान अभिषेक जैन, उपप्रधान सत्यवान सैनी, महासचिव हैप्पी छाबड़ा, सचिव अमन जैन, अमित बिंदलिश व विनोद कंसल, कोषाध्यक्ष विकास जैन व संदीप जैन, प्रैस प्रवक्ता अजय मित्तल, सोशल मीडिया इंचार्ज हर्ष माटा के अलावा प्रिंस तायल, प्रवेश गर्ग, गौरव माटा, रजत कुमार, प्रमोद जैन, बोबी सैनी, आशिष जैन, नवीन गर्ग, मुकेश गर्ग व रिंकू अग्रवाल को कार्यकारिणी सदस्य की शपथ दिलवाई गई। उपस्थित किरयाणा दुकानदारों ने तालियों की गड़गड़ाहट व फूलों की मालाएं पहनाकर नई कार्यकारिणी का अभिनंदन किया। अपने संबोधन में नवनियुक्त प्रधान अभिषेक जैन ने कहा कि एसोसिएशन ने उन्हे जो जिम्मेदारी सौंपी है, उस पर वे दुकानदारों के सहयोग से पूर्ण रूप से निभाने का प्रयास करेगे। अपने कार्यकाल के दौरान में दुकानदारों के हकों की लड़ाई लड़कर उनकी समस्याओं का निदान करवाने का प्रयास करेंगे। उन्होंने बताया कि सफीदों में किरयाणा एसोसिएशन का विस्तार किया जाएगा और उसमें नए सदस्यों को जोड़ा जाएगा। अभी तक एसोसिएशन से 162 सदस्य जुड़ चुके हैं और संस्था का रजिस्ट्रेशन भी करवा दिया गया है। वहीं उपप्रधान सत्यवान सैनी ने कहा कि यह एक ऐतिहासिक पल है, जब एसोसिएशन के लिए एक नए अध्याय की शुरुआत हो रही है। एसोसिएशन का लक्ष्य किरयाणा दुकानदारों को एकजुट करना है।


जींद। कन्या भ्रूण हत्या न करने की शपथ लेते हुए महिलाएं।

## कन्या भ्रूण हत्या करना करवाना कानूनी जुर्म

- दरियावाला गांव में ग्रामीणों को दी पीएनडीटी एक्ट की जानकारी।

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जींद

प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र दरियावाला के तहत ढांडा खेड़ी गांव में स्वास्थ्य कर्मियों ने सभा का आयोजन किया। जिसमें बेटी बचाओ, बेटी पढ़ाओ पर जागरूक किया। एएनएम रीनू शर्मा व सुनीता कुमारी ने कहा कि कन्या भ्रूण हत्या एक जघन्य अपराध है, ऐसा कभी नही करना चाहिए। कन्या भ्रूण हत्या करना व करवाना कानूनी जुर्म है। जिसमें दोषी पाए जाने पर सजा व जुर्माने का प्रावधान है। यदि बेटियां ही नही होगी तो बहुएं कहां से आएगी। एक बेटी दो घरों की शान होती है। बेटी बचाओ, बेटी पढ़ाओ अभियान का मुख्य उद्देश्य बेटियों की सुरक्षा, उच्च शिक्षा, भ्रूण हत्या को रोकना और लिंग अनुपात संतुलित करना है। हमें अपनी बेटियों को उच्च शिक्षा देकर आगे बढने का मौका देना चाहिए ताकि वह आत्मनिर्भर बन कर प्रतिष्ठित जीवन जी सके। उन्होंने कहा कि आज बेटियां हर क्षेत्र में अव्वल हैं। बेटी मां बनकर सृष्टि की रचना करने जैसा पवित्र काम करती है। यह हमारा नैतिक कर्तव्य है कि हम समाज में लड़कियों और लड़कों की परवरिश बिना किसी भेदभाव के करें। बेटी बचाओ, बेटी पढ़ाओ अभियान से पहले की अपेक्षा लोगों में काफी जागरूकता आई है और लोगों की सोच में सकारात्मक बदलाव आया है। अगर लिंग अनुपात कम हुआ तो एक दिन धरती पर मानव समाज का अस्तित्व ही खतरे में पड़ जाएगा। पीएनडीटी एक्ट की जानकारी देते हुए कहा कि गर्भधारण पूर्व लिंग चयन एवं प्रसव पूर्व लिंग जांच करना और करवाना एक दंडनीय अपराध है। ऐसा करने पर दोषी पाया जाता है तो सजा और जुर्माने का प्रावधान है। इस मौके पर अंजू, कविता इत्यादि मौजूद रहे।

## 10वीं-12वीं के परिणाम में छाया नरड़ांचल स्कूल

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कैथल

नरड़ांचल स्कूल नरड के छात्रों ने एक बार फिर खेलों के साथ-साथ 10वीं और 12वीं के परीक्षा परिणाम में अपने उत्कृष्ट प्रदर्शन से हमें गौरवान्वित किया है। इस वर्ष के परिणाम में हमारे छात्रों ने अपनी मेहनत व लगन का प्रदर्शन किया। रितिका ने 12वीं में 482/500 अंक लेकर जिले में स्कूल का बेहतर परिणाम रहा और वही दसवीं कक्षा में रितिक शर्मा ने भी 461/500 अंक लेकर स्कूल व माता-पिता का नाम रोशन किया। छात्रों की उपलब्धियों


कैथल। परीक्षा में अव्वल रहे नरड़ांचल स्कूल नरड के विद्यार्थी।

को देखकर हमें बहुत गर्व महसूस हो रहा है और हमें उम्मीद है कि वे भविष्य में भी इसी तरह का प्रदर्शन करेंगे। हम अपने प्रशासन और शिक्षकों की भूमिका को भी सराहना करते हैं जिन्होंने छात्रों की सफलता में योगदान दिया है। एमडी सुरेश नैन ने बच्चों के लिए स्कूल में एक विशाल और शानदार पार्टी का आयोजन किया और सभी बच्चों को पुष्प मलाओं से लादकर बच्चों का स्वागत किया और उनके उज्जवल भविष्य की कामना की। प्राचार्या सीमा रानी व एमडी सुरेश नैन ने स्कूल में बेहतर परिणाम देने वाले स्कूल के सभी अध्यापकों को 11000 , 11000 रुपए देकर सम्मानित किया। इस मौके पर स्कूल के डी.पी.ई रणदीप ढुल व स्कूल के अन्य अध्यापक सपना , भारती , ज्योति, शिल्पी, नेहा, सुदेश, अमित, पानसुल ,अमन , विकास, सुल्तान , महेश जी ने भी सभी बच्चों को बधाई दी है उनके उज्जवल भविष्य की कामना की।

## जाट स्कूल के विद्यार्थियों ने लहराया परचम

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कैथल

शनिवार को घोषित हरियाणा बोर्ड के परीक्षा परिणाम में जाट सीनियर सेकेंडरी स्कूल के विद्यार्थियों ने इस साल भी परचम लहराया। इस वर्ष परीक्षा में कुल 58 में से 28 विद्यार्थियों ने मेरिट हासिल की और 23 विद्यार्थी प्रथम श्रेणी में उत्तीर्ण हुए। प्रतीक सुपुत्र श्री सुनील ने 500 में से 458 अंक प्राप्त कर प्रथम स्थान प्राप्त किया। हिमांशु देव सुपुत्र श्री मनोज कुमार ने 456 अंक लेकर द्वितीय स्थान तथा दीक्षांत सुपुत्र श्री बलवान ने 449 अंक लेकर तृतीय स्थान हासिल किया। पंजाबी विषय


परीक्षा में अव्वल रहे विद्यार्थियों को सम्मानित करते प्रिंसिपल व अन्य पदाधिकारी।

का परिणाम शानदार रहा जिसमें जश्न ,मनीषा, सान्वी , तन्नु और ललिता ने 100 में से 100 अंक प्राप्त किए। संस्कृत विषय में खुशी, सेजल और खुशी पांचाल ने 100 में से 99 अंक प्राप्त किए ,इसी प्रकार संगीत विषय में भी आर्यन ने 100 में से 99 अंक प्राप्त कर विद्यालय का नाम रोशन किया। प्राचार्य पंकज गुप्ता ने इसके लिए बधाई दी। प्रशासक व एडीसी दीपक बाबूलाल कारवां ने विद्यार्थियों के उज्ज्वल भविष्य की कामना करते हुए शुभकामनाएं दी।



कलायत। गांव चौशाला में बेहतरीन परीक्षा परिणामों की खुशी में रैली निकालते शिक्षक व विद्यार्थी। फोटो :हरिभूमि

### चौशाला: गांव के सरकारी स्कूल में 10वीं व 12वी का परिणाम रहा बेहतर, निकाली रैली

**कलायत।** कलायत के गांव चौशाला स्थित राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक स्कूल के विद्यार्थियों द्वारा बोर्ड की दसवीं और बारहवीं कक्षा के परिणामों में बेहतरीन प्रदर्शन से उत्साह का माहौल है। प्रधानाचार्य जोगेंद्र सिंह और उप प्रधानाचार्य मुनीष कुमार ने बताया कि शिक्षकों की मेहनत, विद्यार्थियों की लग्न एवं अभिभावकों के सहयोग से स्कूल का परिणाम प्रशंसनीय रहा। इसके तहत दसवीं कक्षा में 12 व बारहवीं में 22 विद्यार्थियों ने मेरिट से परीक्षा पास की। होनहारों के प्रदर्शन से ग्रामीणों को रूबरू करवाने के लिए सोमवार को रैली निकाली गई। इस दौरान सरकारी स्कूल में विद्यार्थियों को मिलने वाली सुविधाओं का उल्लेख करते हुए ग्रामीणों को जागरूक किया गया। साथ ही विद्यार्थियों के सरकारी स्कूल में प्रवेश पर बल दिया गया। प्रोमिल सहारण, प्रदीप कुमार और दूसरे शिक्षकों ने कहा कि शिक्षा जीवन का आधार है। इसलिए प्रत्येक अभिभावकों को बच्चों तक शिक्षा का प्रकाश पहुंचाने की कोई कमी नहीं छोडनी चाहिए। शिक्षा की सही मायने में जीवन में अनमोल रत्न का काम करती है।

## वेदांता स्कूल में भव्य सम्मान समारोह सीबीएसई के टॉपर्स किए सम्मानित

हरिभूमि न्यूज ▶▶| नरवाना

कलौदा खुर्द स्थित वेदांता इंटरनेशनल स्कूल द्वारा सीबीएसई 10वीं एवं 12वीं के परीक्षा परिणामों की सफलता पर एक भव्य सम्मान समारोह एवं रोड शो का आयोजन किया गया। विद्यार्थियों का इस साल भी उत्कृष्ट प्रदर्शन रहा। कक्षा 12वीं की छात्रा निधि ने 98०6: अंक प्राप्त कर जिला टॉपर बनने का गौरव प्राप्त कियाए जबकि कक्षा 10वीं की छात्रा नितिका ने 95: अंकों के साथ विद्यालय में प्रथम स्थान प्राप्त किया। विद्यालय से 12वीं कक्षा में 80 में से 50 विद्यार्थी तथा 10वीं कक्षा में 72 में से 45 विद्यार्थी मेरिट सूची में शामिल हुए। समारोह में 21,000 व 11,000 नकद राशि साइकिल, स्कूल बैग व स्मृति चिह्न प्रदान किए गए। रोड शो विद्यालय से


जींद। बच्चों को सम्मानित करते हुए।

आरंभ होकर कलौदा, दनौदा, फरैण, भिखेवाला और करमगढ़ गाँवों की परिक्रमा की। रास्ते में ग्रामीणों ने पुष्प वर्षा के साथ मेधावी छात्रों का स्वागत किया। बोर्ड कक्षाओं में पढ़ाने वाले शिक्षकों को उनके योगदान के लिए 5100 की सम्मान राशि से सम्मानित किया गया। अभिभावकों ने प्रबंधन शिक्षकों व संपूर्ण स्टाफ की सराहना करते हुए कहा कि वेदांता इंटरनेशनल स्कूल ने बच्चों की प्रतिभा को निखारने में सराहनीय भूमिका निभाई है। शिक्षकों की मेहनत और विद्यालय की सकारात्मक कार्यसंस्कृति की विशेष प्रशंसा की। प्रधानाचार्या वीना डारा ने कहा कि हमारे छात्रों ने यह सिद्ध कर दिया है कि सही दिशा सतत परिश्रम और सामूहिक प्रयास से कोई भी लक्ष्य प्राप्त कर सकते हैं।


जींद। अच्छा परीक्षा परिणाम आने पर विद्यालय में खुशी मनाते विद्यार्थी एवं अध्यापकगण।

### एपैक्स स्कूल: बोर्ड परीक्षा परिणाम सराहनीय

**जींद।** एपैक्स हाई स्कूल जींद का बोर्ड कक्षा दसवीं का परीक्षा परिणाम गत वर्षों की भांति इस वर्ष अति सराहनीय रहा। मुख्याध्यापिका नीलम आहुजा ने बताया कि स्कूल का परिणाम इस वर्ष शत-प्रतिशत रहा। दसवीं कक्षा के कुल 26 विद्यार्थियों ने परीक्षा दी।

जिसमें से 21 बच्चों ने मैरिट सूची स्थान प्राप्त किया तथा पांच बच्चों ने प्रथम श्रेणी में अंक प्राप्त कर विद्यालय का नाम रोशन किया है। दसवीं कक्षा में विद्यालय की एक अति मेधावी छात्रा तपस्या पुत्री सुरेंद्र कुमार ने 477/500 (95.4 प्रतिशत) प्रथम, मोक्षी पुत्री सतनाम ने 472/500 (94.4 प्रतिशत) द्वितीय, नंदिनी पुत्री विक्रम ने 469/500 (93.8 प्रतिशत) तृतीय स्थान पर अंक प्राप्त करके विद्यालय में सभी को प्रेरणा देने के साथ-साथ अपने माता-पिता के गौरव को भी बढ़ाने में सफल हुए है। इसके साथ-साथ काफी बच्चों ने गणित, साईंस एवं अग्रेजी विषय में पूरे-पूरे अंक प्राप्त करके एक स्वर्णिम इतिहास की रचना की। विद्यालय की मुख्याध्यापिका नीलम आहुजा ने अच्छे परिणामों के लिए विद्यालय के सभी अध्यापकों, अभिभावकों, एवं बच्चों को बहुत-बहुत बधाई दी।

### राह क्लब की कार्यकारिणी का विस्तार, विशाल मिर्धा रानी कौशिक उप.प्रधान, डॉ. बबीता गर्ग महिला प्रधान

**नरवाना।** राह क्लब नरवाना शाखा की बैठक में जिले के 1100 होनहार विद्यार्थियों को अवार्ड ऑफ एक्सीलेंस से सम्मानित करने का निर्णय लिया।। फाउंडेशन के चेयरमैन नरेश सेलपाड़ की मौजूदगी में शाखा प्रधान डॉ. प्रदीप नैन व जिला प्रभारी राजेश टांक की संयुक्त अध्यक्षता में नरवाना इकाई का विस्तार किया। नप चेयरमैन प्रतिनिधि विशाल मिर्धा, दून स्कूल प्राचार्या रानी कौशिक, प्रदीप नैन वेदांता इंटरनेशनल स्कूल, डॉ. अमित सैन को उपाध्यक्ष व एसडी कॉलेज की प्राचार्या डॉ. बबीता गर्ग को महिला अध्यक्ष बनाया गया। दनौदा खुर्द के सरपंच जितेन्द्र नैन को सहसचिव, जयपाल बंसल को कोषाध्यक्ष, नगर पार्षद संजय गर्ग को सहकोषाध्यक्ष, डॉ. वजीर सिंह व जयपाल सिंह को योग प्रभारी, बिट्टू नैन को पर्यावरण प्रभारी व पत्रकार नरेन्द्र जेठी को वरिष्ठ सलाहकार नियुक्त किया। शाखा प्रधान डॉ. बबीता गर्ग व प्राचार्या रानी कौशिक ने बताया कि इस साल भी विभिन्न क्षेत्र की प्रतिभाएं सम्मानित होंगी।

हरिभूमि
आवश्यक सूचना
जिन पाठकों को अखबार मिलने में किसी भी प्रकार की असुविधा हो रही हो या उनके घर में कोई अन्य अखबार दिया जा रहा हो वह इन टेलीफोन नम्बरों पर सम्पर्क करें या व्हाट्सअप करें :-
हुड्डा कॉम्पलेक्स, डी.आर.डी.ए. के सामने, जीन्द
हरिभूमि कार्यालय, करनाल रोड, जाट स्टेडियम के सामने, कैथल
फोन : 8295157800, 8814999186, 8814999166, 9253681005

### नशा अभियान में 140 लोगों का छुड़वाया नशा

**नरवाना।** सोमवार को पुलिस अधीक्षक कुलदीप सिंह के कुशल नेतृत्व में और अमित कुमार डीएसपी नरवाना नोडल अधिकारी के मार्ग दर्शन में डीएसपी कार्यालय में एक प्रैस वार्ता कर बताया कि जिला जींद में कुल 140 लोगों के नशे की लत छुड़वाने अहम भूमिका निभाई। जिले लगभग 1371 नशें की आदत से ग्रस्त हैं जिनको उन्होंने ने चिन्हित किया है जिसमें 660 इलाज के लिए चिन्हित कर कार्यवाही शुरू की हुई है और 711को भी ईलाज के लिए तैयार किया जाएगा। ये सभी युवा और 25 से 40 आयु वर्ग से हैं। पुलिस विभाग के अनुसार लगभग 33 मामले दर्ज किए गए जिसमें 7 मुकदमे कार्यवाही की जा चुकी है 26 में कार्यवाही की जा रही है।सी आई ए इंचार्ज सुखदेव सिंह की टीम ने नशे के खिलाफ अभियान चलाया हुआ है।

### दो दिवसीय स्टेट नेटबाल चैंपियनशिप का हुआ समापन

# सोनीपत, कैथल व गुरुग्राम की टीम विजेता

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जींद

नेटबॉल प्रमोशन एसोसिएशन जींद द्वारा जींद के सीबीएसएम स्पोर्ट्स स्कूल में आयोजित दो दिवसीय राज्य स्तरीय नेटबॉल चैंपियनशिप का समापन हो गया। सभी खिलाडिय़ों ने अपनी टीम को जीत दिलाने के लिए पूरी जीजान से अपने शानदार खेल प्रतिभा का प्रदर्शन किया। दो दिवसीय लडक़े व लड़कियों की वर्ग की 18वीं हरियाणा राज्य सब जूनियर नेटबॉल चैंपियनशिप, चौथी फास्ट फाईव हरियाणा स्टेट सब जूनियर नेटबॉल चैंपियनशिप तथा दूसरी हरियाण स्टेट सब जूनियर मिक्सड नेटबॉल



जींद। प्रतियोगिता में विजेता रहे खिलाड़ी।

चैंपियनशिप के समापन पर जिला परिषद चेयरपर्सन प्रतिनिधि कुलदीप रंधावा पहुंचे।

उन्होंने खिलाडिय़ों का उत्साहवर्धन किया। इस मौके पर उनके साथ जींद एसोसिएशन प्रधान दीपक कौशिक, कोषाध्यक्ष बिजेंद्र सिंह, हरियाणा पुलिस से प्रदीप पूनिया भी मौजूद रहे। प्रतियोगिता के परिणामों की जानकारी देते हुए हरियाणा नेटबॉल एसोसिएशन की महासचिव बबिता दहिया ने बताया कि 18वीं हरियाणा राज्य सब जूनियर नेटबॉल चैंपियनशिप में सोनीपत ने गुरूग्राम को हरा कर प्रथम स्थान हासिल किया तथा यमुनानगर ने झज्जर को हरा कर तीसरा स्थान हासिल किया। लड़को के वर्ग मे सोनीपत ने जींद को हराकर प्रथम स्थान प्राप्त किया तथा गुरुग्राम ने कैथल को हराकर तृतीय स्थान प्राप्त किया। चौथी फास्ट फाईव हरियाणा स्टेट सब जूनियर नेटबॉल चैंपियनशिप के लड़कों के वर्ग में सोनीपत ने कैथल को हराकर प्रथम स्थान हासिल किया तथा झज्जर ने हिसार को हराकर तीसरा स्थान प्राप्त किया। वही लड़कियों के वर्ग में सोनीपत ने जींद को हराकर प्रथम स्थान हासिल किया तथा भिवानी ने कैथल को हराकर तीसरा स्थान प्राप्त किया। दूसरी हरियाण स्टेट सब जूनियर मिक्सड नेटबॉल चैंपियनशिप में कैथल ने सोनीपत को हरा कर प्रथम स्थान हासिल किया तथा गुरूग्राम ने झज्जर को हराकर तीसरा स्थान हासिल किया। मुख्यअतिथियों ने खिलाडिय़ों का उत्साहवर्धन करते हुए कहा कि हम अपने जीवन में खेलों से जुड़े रहेंगे तो यह हमारे स्वास्थ्य के लिए उत्तम रहेगा। क्योंकि किसी भी खेल में हम प्रतिदिन आधा या एक घंटा भी अभ्यास करते है तो वह हमारे स्वस्थ जीवन का निर्माण करता है। स्वस्थ जीवन ही हमारा भविष्य तय करता हैं।